Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विष्टितक (निवृत्तक) कुले गोष्ठ्या वि (व)द्र्धमानस्य कारितं। (सुरूपं) मुक्तये बिंबं कृष्णराजे महीपतौ॥ अ (आ)षाढ़सु (शु) द्धषष्ठ्यां समासहस्त्रे जिनैः समभ्यधिके (१०२४) हस्तोत्तरादि संस्थे निशाकरे (रित) सपरिवारे॥

(ना वा) हरे रं - : नरादित्यः सुशोभतां घटितवान् वीरनाथस्य शिल्पिनामग्रणीः पर (म्)॥

यद्यपि इस लेख में निवृत्ति कुल के किसी आचार्य या मुनि का कोई उल्लेख नहीं है, परन्तु आबू के परमारनरेशों के काल-निर्धारण में यह लेख अत्यन्त मूल्यवान है।

वि० सं० की ११वीं शताब्दी का तृतीय लेख वि० सं० १०९२ / ई० स० १०३६ का है[२५]। इस लेख में निवृत्तिकुल के आम्रदेवाचार्यगच्छ का उल्लेख है। लेख का मूलपाठ इस प्रकार है :

संवत् १०९२ फाल्ग (ल्गु) न सुदि ९ रवौ श्री निवृत्तककुले श्रीमदाम्रदेवाचार्यगच्छे नंदिग्रामचैत्ये सोमकेन जाया........ सहितेन तत्सुतसहजुकेन च निजपुत्रसंवीरणसहिलान्वितेन नि (:) श्रेयसे वृषभजिनप्रतिमा - वार्थ (?) कारिता।

प्रतिष्ठास्थान - नांदिया, प्राप्ति स्थान - जैन मंदिर, अजारी,

वि० सं० की १२वीं शताब्दी के चार लेखों[२६] (वि० सं० ११३० - ई० स० १०७४, तीन प्रतिमा लेख और वि० सं० ११४४ - ई० स० १०८८ एक प्रतिमालेख) में भी निवृत्तिकुल के पूर्वकथित आम्रदेवाचार्यगच्छ का उल्लेख है। इन लेखों का मूलपाठ इस प्रकार है :

संवत् ११३० ज्येष्ठ शुक्लपंचम्यां श्री निर्वृत्तककुले श्रीमदाम्रदेवाचार्यगच्छे कोरेस्व (श्व) रसुत दुल्ल (र्ल) भश्रावकेणेदं मुक्तये कारितं जिनयुग्ममुत्तमं॥

प्राप्तिस्थान - आदिनाथ जिनालय, लोटाणा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(संवत् ११३०) ज्येष्ठशुक्लपंचम्यां श्री निर्वृत्तककुले श्रीमदाम्रदेवाचार्यगच्छे कोरेस्व (श्व) रसुत दुर्लभ (श्रावकेणे) दं मुक्तये कारितं जिनयुग्ममुत्तमम् ॥

कायोत्सर्ग प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, प्राप्तिस्थान - पूर्वोक्त।

संवत् ११३० ज्येष्ठ शुक्लपंचम्यां तिहे (निर्वृ)तककुले श्रीमदा(म्रदेवाचार्यगच्छे).......

कायोत्सर्गप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, प्राप्तिस्थान - पूर्वोक्त।

ॐ ॥ संवत् ११४४ ज्येष्ठ वदि ४ श्री त (नि)र्वृत्तककुले श्रीमदाम्रदेवाचार्यगच्छे लोटाणकचैत्ये प्राग्वाटवंशोद्भवः यांयश्रेष्ठिस (हितेन) आहिल श्रेष्ठिकि (कृ) तं आसदेवेन मोल्यः (?) श्री वीरवर्धमानसा (स्वा) मिप्रतिमा कारिता। कायोत्सर्गप्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख, प्रतिष्ठास्थान एवं प्राप्तिस्थान - पूर्वोक्त।

उक्त लेखों में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में इस गच्छ के किसी आचार्य का उल्लेख नहीं मिलता है। ऐसा प्रतीत होता है कि निवृत्तिकुल की यह शाखा (आम्रदेवाचार्यगच्छ) ईस्वी ११वीं शती के प्रारम्भ में अस्तित्व में आयी होगी। वि० सं० ११४४ - ई० स० १०८८ के पश्चात् आम्रदेवाचार्यगच्छ से सम्बद्ध कोई साक्ष्य नहीं मिलता, अतः यह अनुमान व्यक्त किया जा सकता है कि वि० सं० की १२वीं शती के अन्त तक निवृत्तिकुल की इस शाखा का स्वतंत्र अस्तित्व समाप्त हो गया होगा।

वि० सं० १२८८ - ई० स० १२३२ का एक लेख, जो नेमिनाथ की धातु की सपरिकर प्रतिमा पर उत्कीर्ण है, में निवृत्तिगच्छ के आचार्य शीलचन्द्रसूरि का प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में उल्लेख है। नाहटा[२७] द्वारा इस लेख की वाचना इस प्रकार दी गयी है :

सं० १२८८ माघ सुदि ९ सोमे निवृत्तिगच्छे श्रे० वौहड़ि सुत यसहडेन देल्हादि पिवर श्रेयसे नेमिनाथ कारितं प्र० श्री शीलचन्द्रसूरिभिः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राप्तिस्थान - महावीर स्वामी का मंदिर, बीकानेर।

वि० सं० १३०१ / ई० स० १२४५ का एक लेख, जो शांतिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण है, में इस गच्छ के आम्रदेवसूरि का उल्लेख प्राप्त होता है। मुनि कान्तिसागर[२८] ने इस लेख की वाचना इस प्रकार दी है :

सं. १३०१ वर्षे हुंबडज्ञातीय निवृत्तिगच्छे श्रे० जरा (श) वीर पुत्र रेना सहितेन स्वश्रेयसे शांतिनाथबिंबं कारितं प्रतिष्ठिता श्रीयाम्रदेवसूरिभिः ॥

प्राप्तिस्थान - बालावसही, शत्रुञ्जय।

वि० सं० १३७१ / ई० स० १३१५ में इसी कुल के पार्श्वदेवसूरि के शिष्य अम्बदेवसूरि ने **समरारासु**[२९] की रचना की। पार्श्वदेवसूरि के गुरु कौन थे, क्या अम्बदेवसूरि के अलावा पार्श्वदेवसूरि के अन्य शिष्य भी थे, इन सब बातों को जानने के लिये हमारे पास इस वक्त कोई प्रमाण नहीं है।

वि० सं० १३८९ / ई० स० १३२३ का एक लेख, जो पद्मप्रभ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण है, में इस कुल के पार्श्वदत्तसूरि का उल्लेख प्राप्त होता है। बुद्धिसागरसूरिजी[३०] ने इस लेख की वाचना इस प्रकार दी है :

सं० १३८९ वर्षे वैशाख सुदि ६ बुधे श्री निवृत्तिगच्छे हूवट (हुंबड) ज्ञा० पितृपीमडमातृपीमलदेश्रेयसे श्रीपद्मप्रभस्वामि बिंबं का० प्र० श्रीपार्श्वदत्तसूरिभिः ।

प्राप्तिस्थान - मनमोहनपार्श्वनाथ जिनालय, बड़ोदरा।

इस गच्छ का विक्रम की १५वीं शताब्दी का केवल एक लेख मिला है, जो वासुपूज्य की प्रतिमा पर उत्कीर्ण है। आचार्य विजयधर्मसूरि[३१] ने इस लेख की वाचना इस प्रकार दी है :

सं० १४६९ वर्षे फागुण वदि २ शुक्रे हूंबडज्ञातीय ठ० देपाल भा० सोहग पु० ठ० राणाकेन मातृपितृ श्रेयसे श्रीवासुपूज्यबिंबं कारितं प्रतिष्ठितं निवृत्तिगच्छे श्रीसूरिभिः ॥श्रीः॥

श्री पूरनचन्द नाहर[३२] ने भी इस लेख की वाचना दी है, किन्तु

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उन्होंने वि० सं० १४६९ को १४९६ पढ़ा है। इन दोनों वाचनाओं में कौन सा पाठ सही है, इसका निर्णय तो इस लेख को फिर से देखने से ही संभव है।

निवृत्तिगच्छ से सम्बद्ध एक और लेख एक चतुर्विंशतिपट्ट पर उत्कीर्ण है। श्री नाहर[३३] ने इसे वि० सं० १५०६ (?) का बतलाया है और इसकी वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

ॐ ॥ श्रीमन्निवृतगच्छे संताने चाम्रदेव सूरीणां। महणं गणि नामाद्या चेल्ली सर्व्वदेवा गणिनी। वित्तं नीतिश्रमायातं वितीर्य शुभवारया। चतुर्विंशति पट्टाकं कारयामास निर्मलं।

प्राप्तिस्थान - आदिनाथ जिनालय, कलकत्ता।

इस गच्छ का एक लेख वि० सं० १५२९ / ई० स० १४७३ का भी है। पं० विनयसागर[३४] ने इस लेख की वाचना इस प्रकार दी है :

सं० १५२९ वर्षे वैशाख वदि ४ शुक्रे हुंबडज्ञातीय मंत्रीश्वरगोत्रे। दोसी वीरपाल भा० वारु सु० सोमा. करमाभ्यां स्वश्रेयसे श्रीनमिनाथबिंबं का० निवृत्तिगच्छे। पु० श्रीसिंघदेवसूरिभिः जिनदत्त चांपा।

प्राप्तिस्थान - आदिनाथ जिनालय, करमदी।

वर्तमान में उपलब्धता की दृष्टि से इस गच्छ का उल्लेख करने वाला अंतिम लेख वि० सं० १५६८ / ई० स० १५१२ का है[३५]। यह लेख मुनिसुव्रत की पंचतीर्थी प्रतिमा पर उत्कीर्ण है। इसका मूलपाठ इस प्रकार है :

सं० १५६८ वर्षे सुदि ५ शुक्रे हूँब० मंत्रीश्वर गोत्रे। दोसी चांपा भा० चांपलदे सु० दिनकर वना निव्रत्तगच्छे। श्री मुनिसुव्रतबिंबं प्रतिष्ठितं श्रीसंघदत्तसूरिभिः ॥

प्राप्तिस्थान -शांतिनाथ जिनालय, रतलाम।

इस गच्छ के आदिम आचार्य कौन थे, यह कुल या गच्छ कब अस्तित्वमें आया, इस बारे में उक्त साक्ष्यों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

और न ही उनके आधार पर इस गच्छ के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की कोई व्यवस्थित तालिका ही बन पाती है। यद्यपि मध्यकालीन पट्टावलियों[३६] में नागेन्द्र, चन्द्र और विद्याधर कुलों के साथ निवृत्तिकुल के उत्पत्ति का भी विवरण है, किन्तु ये पट्टावलियां उत्तरकालीन एवं अनेक भ्रामक विवरणों से युक्त होने के कारण किसी भी गच्छ के प्राचीन इतिहास के अध्ययन के लिये सर्वथा प्रामाणिक नहीं मानी जा सकतीं। इतना जरूर है कि इस कुल - गच्छ के मुनिगण प्राय: चैत्यवासी परम्परा के रहे होंगे। महावीर की पुरातन परम्परा में तो निवृत्तिकुल का उल्लेख नहीं मिलता, अत: क्या यह कुल पार्श्वापत्यों की परम्परा से लाट देश में निष्पन्न हुआ था ? यह अन्वेषणीय है।

सन्दर्भ सूची :-

१. U. P. Shah, ***Akota Bronzes***, Bombay 1959, pp 29-30

२. पं० दलसुख मालवणिया, **गणधरवाद**, अहमदाबाद १९५२, पृ० ३०-३१.

३. वही.

४. वही, पृ० ३२-३४

५. मोहनलाल मेहता, **जैन साहित्य का बृहद् इतिहास**, भाग ३, प्रथम संस्करण, वाराणसी १९६७, पृ० ३८२ और आगे.

६. **चउप्पन्नमहापुरिसचरियं**, सं० पं० अमृतलाल मोहनलाल भोजक, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, गन्थाङ्क ३, वाराणसी १९६१, प्रशस्ति, पृ० ३३४.

७. मुनि जिनविजय, **जीतकल्पसूत्र,** प्रस्तावना.
(मूल ग्रन्थ उपलब्ध न होने से यह उद्धरण श्री भोजक द्वारा लिखित **चउप्पनमहापुरिसचरियं** की प्रस्तावना, पृ० ५५ के आधार पर दिया गया है। यहां उन्होंने ग्रन्थ का प्रकाशनस्थान एवं वर्ष सूचित नहीं किया है।)

८. प्रस्तावना, **चउप्पन्नमहापुरिसचरियं**, पृ० ५५.

९. मोहनलाल दलीचंद देसाई, **जैन साहित्यनो संक्षिप्त इतिहास**, पृ० १८०-८१.

१०. पं० दलसुख मालवणिया और प्रो० मधुसूदन ढांकी से व्यक्तिगत चर्चा के आधार पर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. प्रस्तावना, **चउप्पन्नमहापुरिसचरियं**, पृ० ५४ और आगे.

१२. **उपमितिभवप्रपंचकथा**, हिन्दी अनुवादक पं० विनयसागर एवं लालचन्द जैन, प्रथम एवं द्वितीय खण्ड, प्राकृत भारती, पुष्प ३१, जयपुर १९८५, प्रशस्ति, पृ० ४३७-४४०.

१३. मोहनलाल मेहता, पूर्वोक्त, भाग ३, पृ० १११, १२५.

१४. वही, पृ० १२४-१२५.

१५. शाह, पूर्वोक्त, पृ० ५७-५९.

१६. "श्रीसूराचार्यचरितम्," **प्रभावकचरित**, सं० मुनिजिनविजय, सिंघी जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थाङ्क १३, अहमदाबाद १९४०, पृ० १५२.

१७. दुर्गाशंकर केवलराम शास्त्री, **गुजरातनो मध्यकालीन राजपूत इतिहास**, भाग १-२, अहमदाबाद १९५३, पृ० १९४ और आगे.

१८. मोहनलाल मेहता, पूर्वोक्त, पृ० ३९४-९५.

१९. वही.

२०. **प्रभावकचरित**, पृ० १५२-१६०.

२१. वही.

२२. **दानादिप्रकरण**, सं० अमृतलाल मोहनलाल भोजक एवं नगीन जे० शाह, लालभाई दलपतभाई ग्रन्थमाला, ग्रन्थांक ९०, अहमदाबाद १९८३.

२३. **बीकानेरजैनलेखसंग्रह**, सं० अगरचंद भंवरलाल नाहटा, कलकत्ता, वीर संवत् २४८२ (ई० सं० १९५५), लेखांक ५७.

२४. **अर्बुदाचलप्रदक्षिणाजैनलेखसंदोह**, सं० मुनि जयन्तविजय, भावनगर वि० सं० २००३ (ई० स० १९४६), लेखाङ्क ४८६.

२५. वही, लेखांक ३९६.

२६. वही, लेखांक ४७०, ४७१, ४७२, ४७३.

२७. नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक. १३३५.

२८. मुनि कान्तिसागर, **शत्रुञ्जयवैभव**, जयपुर १९९०, लेखांक १६.

२९. 'समरारासु,' **प्राचीनगूर्जरकाव्यसंग्रह**, सं० चिमनलाल डाह्याभाई दलाल, गायकवाड़ प्राच्य ग्रन्थमाला, ग्रन्थाङ्क १३, प्रथम संस्करण, बड़ोदरा १९२०, पृ० २७-३८.

३०. **जैनधातुप्रतिमालेखसंग्रह**, सं० बुद्धिसागरसूरि, भाग २, पादरा ई० सन् १९२४, लेखांक ८१.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३१. **प्राचीनलेखसंग्रह**, सं० आचार्य विजयधर्मसूरि, भावनगर १९२९, लेखांक १०६.

३२. **जैनलेखसंग्रह**, सं० पूरनचन्द नाहर, भाग-२, कलकत्ता १९२७, लेखांक १०७८.

३३. वही, लेखांक १००३.

३४. **प्रतिष्ठालेखसंग्रह**, भाग १, सं० विनयसागर, कोटा १९५३, लेखांक ७१२.

३५. वही, भाग १, लेखांक ९३७.

३६. त्रिपुटी महाराज, **जैन परम्परानो इतिहास**, भाग १, अहमदाबाद १९५२, पृ० ३०१ और आगे.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पल्लीवालगच्छ का संक्षिप्त इतिहास

निर्ग्रन्थ परम्परा के श्वेताम्बर आम्नाय में चन्द्रकुल से समय-समय पर अस्तित्व में आए विभिन्न गच्छों में पल्लीवालगच्छ भी एक है।[१] जैसा कि इसके अभिधान से स्पष्ट होता है वर्तमान राजस्थान प्रान्त में अवस्थित पाली (प्राचीन पल्ली) नामक स्थान से यह गच्छ अस्तित्व में आया। इस गच्छ में महेश्वरसूरि 'प्रथम', अभयदेवसूरि, महेश्वरसूरि 'द्वितीय', नन्नसूरि, अजितदेवसूरि, हीरानंदसूरि आदि कई रचनाकार हो चुके हैं। इस गच्छ से संबद्ध अभिलेखीय साक्ष्य भी मिलते हैं, जो वि०सं० १२५७ से लेकर वि०सं० १६८१ तक के हैं। इस गच्छ की दो पट्टावलियां भी मिलती हैं, जो सद्भाग्य से प्रकाशित हैं[२]। यहां उक्त सभी साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है। अध्ययन की सुविधा के लिए सर्वप्रथम पट्टावलियों, तत्पश्चात् ग्रन्थ प्रशस्तियों और अन्त में अभिलेखीय साक्ष्यों का विवरण एवं इन सभी का विवेचन किया गया है।

जैसा कि ऊपर कहा गया है पल्लीवालगच्छ की आज दो पट्टावलियाँ मिलती हैं। प्रथम पट्टावली वि०सं० १६७५ के पश्चात् रची गई है। इसमें उल्लिखित गुरु-परंपरा इस प्रकार है--

महावीर
|
सुधर्मा
|
|
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
दिनेश्वरसूरि (पाली में ब्राह्मणों को जैन धर्म में दीक्षित करने वाले)
|
महेश्वरसूरि (वि०सं० ११५० में स्वर्गस्थ)
|
देवसूरि
|
मानवदेवसूरि
|
कर्णसूरि
|
विष्णुसूरि
|
आम्रदेवसूरि
|
सोमतिलकसूरि
|
भीमदेवसूरि
|
विमलसूरि
|
नरोत्तमसूरि
|
स्वातिसूरि
|
हेमसूरि
|
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हर्षसूरि
|
भट्टारक कमलचन्द्र
|
गुणमाणिक्यसूरि
|
सुन्दरचन्द्रसूरि (वि०सं० १६७५ में स्वर्गस्थ)
|
प्रभुचन्द्रसूरि (वर्तमान)

पल्लीवालगच्छ की द्वितीय पट्टावली वि०सं० १७२८ में रची गई है। इसमें भगवान् महावीर के ८ वें पट्टधर स्थूलिभद्र से लेकर ६१ वें पट्टधर उद्योतनसूरि तक का विवरण दिया गया है, जो इस प्रकार है--

|
महावीर
|
सुधर्मा
|
|
|
|
|
|
|
|
८. स्थूलिभद्र
|
९. सुहस्तिसूरि
|
१०. इन्द्रदिन्नसूरि
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११. आर्यदिन्नसूरि
|
१२. सिंहगिरि
|
१३. वज्रस्वामी
|
१४. वज्रसेन
|
१५. चन्द्रसूरि
|
१६. शांतिसूरि
|
१७. यशोदेवसूरि
|
१८. नन्नसूरि
|
१९. उद्योतनसूरि
|
२०. महेश्वरसूरि
|
२१. अभयदेवसूरि
|
२२. आमदेवसूरि
|
|
|
|
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
|
|
३९. नन्दसूरि (वि०सं० १०९८ में स्वर्गस्थ)
|
४०. उद्योतनसूरि (वि०सं० ११२३ में स्वर्गस्थ)
|
४१. महेश्वरसूरि (वि०सं० ११४५ में स्वर्गस्थ)
|
४२. अभयदेवसूरि (वि०सं० ११६९ में स्वर्गस्थ)
|
४३. आमदेवसूरि (वि०सं० ११९९ में स्वर्गस्थ)
|
४४. शांतिसूरि (वि०सं० १२२४ में स्वर्गस्थ)
|
४५. यशोदेवसूरि (वि०सं० १२३४ में स्वर्गस्थ)
|
४६. नन्नसूरि (वि०सं० १२३९ में स्वर्गस्थ)
|
४७. उद्योतनसूरि (वि०सं० १२४३ में स्वर्गस्थ)
|
४८. महेश्वरसूरि (वि०सं० १२७४ में स्वर्गस्थ)
|
४९. अभयदेवसूरि (वि०सं० १३२१ में स्वर्गस्थ)
|
५०. आमदेवसूरि (वि०सं० १३७४ में स्वर्गस्थ)
|
५१. शांतिसूरि (वि०सं० १४४८ में स्वर्गस्थ)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
५२. यशोदेवसूरि (वि०सं० १४८८ में स्वर्गस्थ)
|
५३. नन्नसूरि (वि०सं० १५३२ में स्वर्गस्थ)
|
५४. उद्योतनसूरि (वि०सं० १५७२ में स्वर्गस्थ)
|
५५. महेश्वरसूरि (वि०सं० १५९९ में स्वर्गस्थ)
|
५६. अभयदेवसूरि (वि०सं० १५९५ में स्वर्गस्थ)
|
५७. आमदेवसूरि (वि०सं० १६३४ में स्वर्गस्थ)
|
५८. शांतिसूरि (वि०सं० १६६१ में स्वर्गस्थ)
|
५९. यशोदेवसूरि (वि०सं० १६९२ में स्वर्गस्थ)
|
६०. नन्नसूरि (वि०सं० १७१८ में स्वर्गस्थ)
|
६१. उद्योतनसूरि (वि०सं० १७३७ में स्वर्गस्थ)

इस पट्टावली में ४१ वें पट्टधर महेश्वरसूरि के वि०सं० ११४५ में निधन होने की बात कही गई है। प्रथम पट्टावली में भी महेश्वरसूरि का नाम मिलता है और वि०सं० ११५० में उनके निधन होने की बात कही गई है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि महेश्वरसूरि इस गच्छ के प्रभावक आचार्य थे। इसी कारण दोनों पट्टावलियों में न केवल इनका नाम मिलता है, बल्कि इन्हें समसामयिक भी बतलाया गया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पल्लीवालगच्छ का उल्लेख करने वाला महत्वपूर्ण साक्ष्य है महेश्वरसूरि द्वारा रचित **कालकाचार्यकथा** की वि०सं० १३६५ में लिखी गई प्रति की दाताप्रशस्ति[३], जो इस प्रकार है -

इति श्रीपल्लीवालगच्छे श्री महेश्वरसूरिभिर्विरचिता कालिकाचार्य-कथासमाप्त ॥

श्रीपालवंशोऽस्ति विशालकीर्तिः,
श्रीशांतिसूरिप्रतिबोधित डीडाकाख्यः ।
श्रीविक्रमाद्वेदनभर्महर्षिवत्सरैः (?),
श्री आदिचैत्यकारापित नवहरे च ॥१॥

....

....

....

स्वश्रेयसे कारितकल्पपुस्तिका ...पुण्योदयरत्नभूमिः ।
श्रीपल्लिगच्छे स्वगुणौकधाम्ना वाचिता श्रीमहेश्वरसूरिभिः ॥१०॥

नृपविक्रमकालातीत सं० १३६५ वर्षेभाद्रपदवदौ नवम्यां तिथौ श्रीमेदपाटमंडले वऊणाग्रामे कल्पपुस्तिका लिखिता ।।छा।

उदकानल चौरेभ्यः मूषकेभ्यस्तथैव च ।
रक्षणीया प्रयत्नेन यत कष्टेन लिख्यते ॥१॥

संवत् १३७८ वर्ष भाद्रपद सुदि ४ श्रावक मोल्हासुतेन भार्याउदयसिरि-समन्वितेन पुत्रसोमा-लाखा-खेतासहितेन श्रावकऊदाकेन श्रीकल्पपुस्तिकां गृहीत्वा श्री अभयदेवसूरीणां समर्पिता वाचिता च ।

इस प्रशस्ति में रचनाकार ने यद्यपि अपनी गुरु-परम्परा, रचनाकाल आदि का कोई निर्देश नहीं किया है, फिर भी पल्लीवालगच्छ से संबद्ध सबसे प्राचीन साक्ष्य होने इसे अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जा सकता है।

इस प्रशस्ति के अंत में वि०सं० १३७८ में किन्हीं अभयदेवसूरि को पुस्तक समर्पण की बात कही गई है। ये अभयदेवसूरि कौन थे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महेश्वरसूरि से उनका क्या सम्बन्ध था, इस बारे में उक्त प्रशस्ति से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती। पल्लीवालगच्छ की द्वितीय पट्टावली[४] में हम देख चुके हैं कि महेश्वरसूरि के पट्टधर के रूप में अभयदेवसूरि का नाम आता है। इस आधार पर इस प्रशस्ति में उल्लिखित अभयदेवसूरि महेश्वरसूरि के शिष्य सिद्ध होते हैं।

पल्लीवालगच्छ से संबद्ध अगला साहित्यिक साक्ष्य है वि०सं० १५४४/ ई० स० १४८८ में नन्नसूरि द्वारा रचित **सीमंधरजिनस्तवन**[५]। यह ३५ गाथाओं में रचित एक लघुकृति है। नन्नसूरि के गुरु कौन थे, इस बारे में उक्त प्रशस्ति से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती।

वि०स० १५७४/ई०स० १५१९ में प्राकृत भाषा में ८८ गाथाओं में रची गई **विचारसारप्रकरण** की प्रशस्ति[६] से ज्ञात होता है कि इसके रचनाकार महेश्वरसूरि द्वितीय भी पल्लीवालगच्छ के थे। **उपासकदशाङ्ग** और **आचारांग** की वि०सं० १५९१-ईस्वीसन् १५३५ में लिखी गई प्रति की पुष्पिकाओं में भी पल्लीवालगच्छ के नायक के रूप में महेश्वरसूरि का नाम मिलता है।[७]

वि.सं. की १७वीं शताब्दी के प्रथम चरण में पल्लीवालगच्छ में अजितदेवसूरि नामक एक प्रसिद्ध रचनाकार हो चुके हैं। इनके द्वारा रचित कई कृतियाँ मिलती हैं[८], जो इस प्रकार हैं--

१. **कल्पसिद्धान्तदीपिका**

२. **पिण्डविशुद्धिदीपिका** (वि०सं० १६२७)

३. **उत्तराध्ययनसूत्रबालावबोध** (वि०सं० १६२९)

४. **आचारांगदीपिका**

५. **आराधना**

६. **जीवशिखामणाविधि**

७. **चन्दनबालाबेलि**

८. **चौबीस जिनावली**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कल्पसिद्धान्तदीपिका की प्रशस्ति में इन्होंने स्वयं को महेश्वरसूरि का शिष्य कहा है[९] --

इतिश्री चंद्रगच्छांभोजदिनमणीनां श्रीमहेश्वरसूरिसर्व्वसूरिशिरोमणीनां पट्टे श्री अजितदेवसूरिणा विरचिता श्रीकल्पसिद्धान्तदीपिका समाप्ता।

अजितदेवसूरि के शिष्य हीरानन्दसूरि हुए जिनके द्वारा रचित **चौबोलीचौपाई** नामक कृति प्राप्त होती है[१०]। इसकी प्रशस्ति में इन्होंने अपने गुरु-प्रगुरु आदि का उल्लेख किया है।

पालीवाल विरुदे प्रसिद्ध, चंद्रगच्छ सुपहाण।

सूरि महेसर पाटधर, तेजै दीपइ भाण ॥७॥

तासु पसायै हर्षधर, पभणै हीराणंद ॥८॥

चौबोलीचौपाई की वि०सं० १७७० में लिखी गई एक प्रति जिनकृपाचन्द्रसूरि ज्ञान भण्डार, बीकानेर में संरक्षित है।[११]

पल्लीवालगच्छ से संबद्ध पर्याप्त संख्या में अभिलेखीय साक्ष्य प्राप्त होते हैं, जो वि०सं० १२५७ से लेकर वि०सं० १६८१ तक के हैं। इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
१.	१२५७	–	–	प्रतिमालेख	–	मुनि कांतिसागर, संपा० **शत्रुञ्जयवैभव,** लेखांक ११
२.	१३४३	माघ सुदि १२	आचार्य का नाम अनुपलब्ध	पार्श्वनाथ की प्रतिमा का लेख	शीतलनाथ जिनालय, कुम्भारवाडो, खंभात	बुद्धिसागरसूरि, संपा० **जैनधातु-प्रतिमालेखसंग्रह,** भाग-२, लेखांक ६५५
३.	१३४५	माघ सुदि १२ रविवार	महेश्वरसूरि	,,	चिंतामणिजी का मंदिर, बीकानेर	अगरचंद नाहटा, संपा० **बीकानेरजैन लेखसंग्रह,** लेखांक २००

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
४.	१३४५	..	..	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	केशरियाजी का मंदिर, देशनोक, बीकानेर	वही, लेखांक २२४४
५.	१३६१	आषाढ सुदि ३	,,	पार्श्वनाथ की प्रतिमा का लेख	चिंतामणिजीका मंदिर, बीकानेर	वही, लेखांक २२७
६.	१३७३	वैशाख सुदि १२	गुणाकरसूरि	,,	जैन मंदिर, आर्वी	मुनि कांतिसागर, संपा० **जैनधातु प्रतिमालेख**, लेखांक २७
७.	१३८३	माघ सुदि १० सोमवार	महेश्वरसूरि के पट्टधर अभयदेवसूरि	,,	शांतिनाथ जिना. भोंयरापाडो खंभात	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक ८९९

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
८.	१४०९	फाल्गुन सुदि ११ गुरुवार	अभयदेवसूरि	आदिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	चिंतामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ४२४
९.	१४३५	फाल्गुन सुदि २ शुक्रवार	अभयदेवसूरि के पट्टधर आमदेवसूरि	चंद्रप्रभ की धातु की प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, मालपुरा	विनयसागर, संपा० **प्रतिष्ठालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक १६२
१०.	१४५३	वैशाख सुदि २	शांतिसूरि	पार्श्वनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	चिंतामणि पार्श्वनाथ जिनालय, किशनगढ़	वही, भाग १, लेखांक १७७
११.	१४५६	माघ सुदि १३ शनिवार	,,	,,	वासुपूज्य जिनालय, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १३९०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
१२.	१४५८	फाल्गुन वदि ११ शुक्रवार	शांतिसूरि	सुमतिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, हीरावाडी, नागौर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १८३, एवं पूरनचंद नाहर, संपा०, **जैनलेख-संग्रह**, भाग-२, लेखांक १२३७
१३.	१४८२	--	यशोदेवसूरि	श्रेयांसनाथ की प्रतिमा का लेख	बावन जिनालय, करेड़ा	वही, पूर्वोक्त, भाग-२ लेखांक १९३१
१४.	१४८५	मार्गशीर्ष वदि २	,,	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १३१७

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
१५.	१४८६	माघ सुदि ५ गुरुवार	यशोदेवसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, रतलाम	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक २६२
१६.	१४८६	माघ सुदि ११ शनिवार	,,	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, सांगानेर	वही, भाग १, लेखांक २६१
१७.	१४९३	माघ सुदि...	हरिभद्रसूरि	धातु प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	विजयगच्छीय जिनालय, जयपुर	वही, भाग १, लेखांक २९७
१८.	१४९३	वैशाख सुदि ३	यशोदेवसूरि	संभवनाथ की प्रतिमा का लेख	चिंतामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ७६७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
१९.	१४९७	ज्येष्ठ सुदि ३ सोमवार	यशोदेवसूरि	कुन्थुनाथ की प्रतिमा का लेख	चिंतामणिजी का मंदिर, बीकानेर	वही, लेखांक ७९५
२०.	१५०१	ज्येष्ठ वदि १२	शांतिसूरि के पट्टधर यशोदेवसूरि	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख	सुमतिनाथ मुख्य बावन जिनालय, मातर	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक ४८५
२१.	१५०१	कार्तिक सुदि १५	,,	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, भिंडी बाजार, मुंबई	मुनि कांतिसागर, पूर्वोक्त, लेखांक ९५
२२.	१५०३	आषाढ़ सुदि गुरुवार	,,	संभवनाथ की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १२७६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
२३.	१५०३	तिथि- विहीन	यशोदेवसूरि	नमिनाथ की प्रतिमा का लेख	अनुपूर्ति लेख, आबू	मुनि जयंतविजय, संपा० **अर्बुद-प्राचीनजैनलेख-संदोह,** लेखांक ६३६
२४.	१५०४	वैशाख सुदि ७ बुधवार	नन्नाचार्य संतानीय शांतिसूरि के पट्टधर यशोदेवसूरि के पट्टधर नन्नसूरि के पट्टधर उद्योतनसूरि... के पट्टधर	पार्श्वनाथ की पाषाण प्रतिमा का लेख	नाकोड़ा तीर्थ	विनयसागर, लेखक- **श्रीनाकोड़ातीर्थ,** लेखांक १९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
			शांतिसूरि के पट्टधर यशोदेवसूरि			
२५.	१५०७	फाल्गुन वदि ३	यशोदेवसूरि	नमिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	सीमंधर स्वामी का मंदिर, तालाबवाला पोल, सूरत	विजयधर्मसूरि, संपा० **प्राचीन-लेखसंग्रह**, लेखांक२२९
२६.	१५०८	वैशाख वदि २	,,	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख	धर्मनाथ जिनालय, खजवाना	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ४३०
२७.	१५१०	तिथि-विहीन	नन्नसूरि	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, मालपुरा	वही, भाग १, लेखांक ४७०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
२८.	१५१३	माघ....	यशोदेवसूरि	कुन्थुनाथ की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, नाकोड़ा	नाहर, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक १८८७
२९.	१५२८	वैशाख सुदि ५	श्री रत्नसूरि	संभवनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	कुन्थुनाथ जिनालय, राधनपुर	मुनि विशालविजय, संपा० **राधनपुर-प्रतिमालेखसंग्रह,** लेखांक २५८
३०.	१५२८	माघ वदि ५	यशोदेवसूरि के पट्टधर नन्नसूरि	पद्मप्रभ की प्रतिमा का लेख	घरदेरासर, बडोदरा	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक २२८
३१.	१५२८	--	,,	मुनिसुव्रत की धातु की प्रतिमा का लेख	जैन मंदिर, खंडप, मारवाड	नाहर, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक २१११

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
३२.	१५३०	वैशाख सुदि ९	,,	श्रेयांसनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, सांभर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ७२०
३३.	१५३३	ज्येष्ठ सुदि ५ शुक्रवार	उद्योतनसूरि	धर्मनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, बूंदी	वही, भाग १, लेखांक ७५९
३४.	१५३६	वैशाख ...९ गुरुवार	,,	सुविधिनाथ की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, नापासर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक २३३३
३५.	१५३६	वैशाख ...९ सोमवार	नन्नसूरि के पट्टधर उद्योतनसूरि	चंद्रप्रभ की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, बोहारनटोला, लखनऊ	नाहर, पूर्वोक्त, भाग–२ लेखांक १५५५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
३६.	१५३६	आषाढ़ सुदि ६ शुक्रवार	अजूण (उद्योतन) सूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	बालावसही, शत्रुंजय	**शत्रुंजयवैभव**, लेखांक २१८
३७.	१५३६	आषाढ़ सुदि ९	,,	संभवनाथ की धातु की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	स्वामीजी का मंदिर, रोशन मुहल्ला, आगरा	नाहर, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक १४६२
३८.	१५३७	ज्येष्ठ वदि ४ सोमवार	,,	पार्श्वनाथ की सपरिकर प्रतिमा का लेख	आदिनाथ की छत्री के बाहर आले में सपरिकर मूर्ति, नाकोड़ा तीर्थ	**श्रीनाकोड़ातीर्थ**, लेखांक ५७
३९.	१५४०	आषाढ वदि १	,,	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ देरासर, सरधना	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८२३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
४०.	१५५०	फाल्गुन सुदि ११ गुरुवार	,,	धर्मनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, नाकोड़ा तीर्थ	**श्रीनाकोड़ातीर्थ**, लेखांक ५९
४१.	१५५१	पौष सुदि १०	,,	नमिनाथ की प्रतिमा का लेख	विमलनाथ जिना., सवाई माधोपुर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८६३
४२.	१५५६	पौष सुदि १५ सोमवार	,,	शीतलनाथ की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, डांगों में, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १५३७
४३.	१५५८	चैत्र वदि १३ सोमवार	नन्नसूरि के पट्टधर उद्योतनसूरि	"	जिनदत्तसूरि की दादावाड़ी, शत्रुंजय	**शत्रुञ्जयवैभव**, लेखांक २५८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
४४.	१५५९	आषाढ़ सुदि १० बुधवार	,,	अजितनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, सांगानेर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ९०१
४५.	१५६६	माघ वदि २ रविवार	,,	वासुपूज्य की प्रतिमा का लेख	वीर जिनालय, बडोदरा	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक ४४
४६.	१५७५	आषाढ़ वदि ७ रविवार	महेश्वरसूरि	कुन्थुनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, मेड़तासिटी	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ९५६
४७.	१५८३	फाल्गुन वदि १ शुक्रवार	,,	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	विमलनाथ जिना०, सवाई माधोपुर	वही, लेखांक ९७३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
४८.	१५९३	आषाढ़ सुदि ३ रविवार	,,	पद्मप्रभ की प्रतिमा का लेख	वासुपूज्य जिनालय, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १३१५
४९.	१६२४	आषाढ वदि ८	आमदेवसूरि	श्रेयांसनाथ की प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, कोचरों में, बीकानेर	वही, लेखांक १६२७
५०.	१६६७	भाद्रपद सुदि ९ शुक्रवार	यशोदेवसूरि के समय, सुमतिशेखर (शिलालेख के रचनाकार)	शिलापट्टप्रशस्ति	पार्श्वनाथ जिनालय, नाकोड़ा	**श्रीनाकोड़ातीर्थ**, लेखांक ९०
५१.	१६७८	द्वितीय आषाढ़	यशोदेवसूरि के समय उपा०	शिलापट्टप्रशस्ति (चौकी मंडप में)	पार्श्वनाथ जिनालय, नाकोड़ा	वही, लेखांक ९१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
		सुदि २ रविवार	कनकशेखर के शिष्य सुमतिशेखर एवं देवशेखर (शिलालेख के रचनाकार)			
५२.	१६८१	माघ सुदि ४ शनिवार	श्री ...शेखरसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	भंडारस्थ प्रतिमा, शांतिनाथ जिनालय, नाकोड़ा	वही, लेखांक ९२
५३.	१६८१	चैत्र वदि ५	यशोदेवसूरि के समय हरशेखर के	शिलालेख, नाकोड़ा	रंगमंडप, पार्श्वनाथ जिनालय,	वही, लेखांक ९५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि	आचार्य का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठा स्थान	संदर्भ ग्रन्थ
		मंगलवार	शिष्य कनकशेखर के शिष्य देवशेखर एवं सुमतिशेखर (शिलालेख के रचनाकार)		नाकोड़ा	
५४.	१६८१	आषाढ वदि ६ सोमवार	--	शिलालेख	नाभिमंडप, पार्श्वनाथ जिनालय, नाकोड़ा तीर्थ	वही, लेखांक ९७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्त अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के आचार्यों का जो पट्टक्रम निश्चित होता है, वह इस प्रकार है –

?

महेश्वरसूरि (प्रथम) (वि०सं० १३४५-१३६१)
|
अभयदेवसूरि (वि०सं० १३८३-१४०९)
|
आमसूरि (वि०सं० १४३५)
|
शांतिसूरि (वि०सं० १४५३-१४५८)
|
यशोदेवसूरि (वि०सं० १४७६-१५१३)
|
नन्नसूरि (वि०सं० १५२८-१५३०)
|
उद्योतनसूरि (वि०सं० १५३३-१५६६)
|
|
महेश्वरसूरि (द्वितीय) (वि०सं० १५७५-१५९३)
|
अभयदेवसूरि (कोई लेख उपलब्ध नहीं)
|
आमसूरि (वि०सं० १६२४)
|
शांतिसूरि (कोई लेख उपलब्ध नहीं)
|
यशोदेवसूरि (वि०सं० १६६७-१६८१)

अभिलेखीय साक्ष्यों में उल्लिखित महेश्वरसूरि 'प्रथम' (वि०सं० १३४५-१३६१) और **कालकाचार्यकथा** (वि०सं० १३६५/ई०स० १३०९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

की उपलब्ध प्रति) के रचनाकार महेश्वरसूरि को समसामयिकता, नामसाम्य आदि को दृष्टिगत रखते हुए एक ही व्यक्ति माना जा सकता है। ठीक यही बात अभिलेखीय साक्ष्यों से ज्ञात नन्नसूरि (वि०सं० १५२८-१५३०) और **सीमंधरजिनस्तवन** (रचनाकाल वि०सं० १५४४-ई० सन् १४८८) के रचनाकार नन्नसूरि के बारे में भी कही जा सकती है। इसी प्रकार वि० सं० १५७३/ई०स० १५२४ में **विचारसारप्रकरण** के रचनाकार महेश्वरसूरि और वि०सं० १५७५-१५९३ के मध्य विभिन्न जिनप्रतिमाओं के प्रतिष्ठापक महेश्वरसूरि 'द्वितीय' भी एक ही व्यक्ति मालूम पड़ते हैं। जैसा कि पीछे हम देख चुके हैं, अजितदेवसूरि ने भी अपनी कृतियों में स्वयं को महेश्वरसूरि का शिष्य बताया है, जिन्हें महेश्वरसूरि 'द्वितीय' से अभिन्न माना जा सकता है।

साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर पल्लीवालगच्छीय मुनिजनों की गुरु-परम्परा की जो तालिका बनती है, वह इस प्रकार है -

महेश्वरसूरि प्रथम (वि०सं० १३४५-१३६१)
| प्रतिमा लेख
| **कालकाचार्यकथा** के
| रचनाकार
अभयदेवसूरि (वि०सं० १३८३-१४०९)
| प्रतिमा लेख
| (**कालकाचार्यकथा** की
| वि०सं० १३६५/ई०स० १३०९
| में लिखी गई प्रति
| वि०सं०१३७८-ई०स० १३२२
| में इन्हें समर्पित की गई)
आमसूरि (वि०सं० १४३५)
| प्रतिमालेख

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शांतिसूरि (वि०सं० १४५३-१४५८) प्रतिमालेख
|
यशोदेवसूरि (वि०सं० १४७६-१५१३) प्रतिमालेख
|
नन्नसूरि (वि०सं० १५२८-१५३०) प्रतिमालेख (वि०सं० १५४४ में **सीमंधर जिनस्तवन** के रचनाकार)
|
उद्योतनसूरि (वि०सं० १५३३-१५५६) प्रतिमालेख
|
महेश्वरसूरि (वि०सं० १५७५-१५९३) प्रतिमालेख (वि०सं० १५७३ में **विचार-सारप्रकरण** के रचनाकार)
|
- अजितदेवसूरि (**पिंडविशुद्धि-दीपिका, कल्पसिद्धान्त-दीपिका** आदि के कर्ता)
  |
  हीराचंद (**चौबोलीचौपाई** के कर्ता)
- अभयदेवसूरि (साक्ष्यअनुपलब्ध)
  |
  आमसूरि (वि०सं० १६२४) प्रतिमालेख
  |
  शांतिसूरि (साक्ष्य अनुपलब्ध)
  |

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
यशोदेवसूरि (वि०सं० १६६७
-१६८१)
प्रतिमालेख

जहां तक पल्लीवाल गच्छ की उक्त दोनों पट्टावलियों के विवरणों की प्रामाणिकता का प्रश्न है, उसमें प्रथम पट्टावली का यह कथन कि महेश्वरसूरि की शिष्यसंतति पल्लीवालगच्छीय कहलाई, सत्य के निकट प्रतीत होता है। चूँकि इस पट्टावली के अनुसार वि०सं० ११४५ में उनका निधन हुआ, अतः यह निश्चित है कि उक्त तिथि के पूर्व ही यह गच्छ अस्तित्व में आ चुका था। यद्यपि इस पट्टावली में उल्लिखित अनेक बातों का किन्हीं भी अन्य साक्ष्यों से समर्थन नहीं होता, अतः उन्हें स्वीकार कर पाना कठिन है, फिर भी इसमें पल्लीवालगच्छ के उत्पत्ति सम्बन्धी साक्ष्य उपलब्ध होने के कारण इसे महत्त्वपूर्ण माना जा सकता है।

जहां तक दूसरी पट्टावली की प्रामाणिकता की बात है, इसमें यशोदेव- नन्नसूरि- उद्योतनसूरि- महेश्वरसूरि- अभयदेवसूरि- आमसूरि- शांतिसूरि- इन पट्टधर आचार्यों के नामों की पुनरावृत्ति दर्शाई गई है। जैसा कि हम पीछे देख चुके हैं, साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों से इसका समर्थन होता है। इस प्रकार इस पट्टावली में दिए गए पट्टधर आचार्यों के नाम और उनके पट्टक्रम की प्रामाणिकता प्रायः सिद्ध हो जाती है, किन्तु इसमें ५७वें पट्टधर आमसूरि, ५८वें पट्टधर शांतिसूरि और ५९वें पट्टधर यशोदेवसूरि से संबद्ध तिथियों को छोड़कर प्रायः सभी तिथियां मात्र अनुमान के आधार पर कल्पित होने के कारण अभिलेखीय या अन्य साहित्यिक साक्ष्यों से उनका समर्थन नहीं होता तथापि पल्लीवाल गच्छ से संबद्ध आचार्यों का प्रामाणिक पट्टक्रम प्रस्तुत करने के कारण इसकी महत्ता निर्विवाद है। इस पट्टावली में ४१वें पट्टधर महेश्वरसूरि का निधन वि०सं० ११५० में बतलाया गया है। प्रथम पट्टावली में भी वि०सं० ११४५ में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महेश्वरसूरि के निधन की बात कही गई है और उन्हें पल्लीवालगच्छ का प्रवर्तक बताया गया है। दोनों पट्टावलियों द्वारा महेश्वरसूरि को समसामयिक सिद्ध करने से यह अनुमान ठीक लगता है कि महेश्वरसूरि इस गच्छ के प्रतिष्ठापक रहे होंगे।

मुनि कांतिसागर के अनुसार प्रद्योतनसूरि के शिष्य इन्द्रदेव से विक्रम संवत् की १२वीं शती में यह गच्छ अस्तित्व में आया[१२], किन्तु उनके इस कथन का आधार क्या है, ज्ञात नहीं होता।

उपकेशगच्छ से निष्पन्न कोरंटगच्छ में हर तीसरे आचार्य का नाम नन्नसूरि मिलता है[१३], इससे यह संभावना व्यक्त की जा सकती है कि पल्लीवालगच्छ भी उक्त गच्छों में से किसी एक गच्छ से उद्भूत हुआ होगा। इस गच्छ से संबद्ध १६वीं शती की ग्रन्थ-प्रशस्तियों में इसे कोटिकगण और चंद्रकुल से निष्पन्न बताया गया है, परंतु इस गच्छ में पट्टधर आचार्यों के नामों की पुनरावृत्ति को देखते हुए इसे चैत्यवासी गच्छ मानना उचित प्रतीत होता है। वस्तुतः यह गच्छ सुविहितमार्गीय था या चैत्यवासी, इसके आदिम आचार्य कौन थे, यह कब और क्यों अस्तित्व में आया साक्ष्यों के अभाव में ये सभी प्रश्न अभी अनुत्तरित ही रह जाते हैं।

सन्दर्भसूची

१. मुनि जिनविजय, संपा० **विविधगच्छीयपट्टावलीसंग्रह**, सिंघी जैन ग्रंथमाला, ग्रन्थांक ५३, मुंबई १९६१ ई०., पृष्ठ ७२-७६.

२. श्री अगरचंद नाहटा, **पल्लीवालगच्छपट्टावली**।

श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई, संपा० **श्री आत्मानन्दजी शताब्दी ग्रंथ**, मुंबई १९३६ ई०,. हिन्दी खण्ड, पृष्ठ १८२-१९६.

उक्त दोनों पट्टावलियां श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई ने स्वसंपादित **जैनगुर्जरकविओ भाग-३**, खंड-२, पृष्ठ २२४४-२२५४ में भी प्रकाशित की हैं.

३. Muni Punyavijaya, Ed. *Catalogue of Palm Leaf Mss in the Shantinatha Jain Bhandara, Cambay*, G.O.S. No. 135, Baroda, 1961, A.D., pp 81-82.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४-५. श्री अगरचंद नाहटा, **पल्लीवालगच्छपट्टावली**, **श्री आत्मानन्दजी शताब्दी ग्रंथ**, पृष्ठ १९१.

६. A. P. Shah, Ed. *Catalogue of Sanskrit & Prakrit Mss. Muni Shree Punya Vijayji's Collection,* Vol. I, L. D. series No. 5, Ahmedabad 1965, A.D. P- 189, No. 3343.

७. **श्री आत्मानन्द शताब्दी ग्रंथ**, पृष्ठ १९१-१९२.

८. वही, पृष्ठ १९२.

९. वही, पृष्ठ १९४-१९५.

१०-११. वही, पृष्ठ १९२.

१२. मुनि कांतिसागर, **शत्रुंजयवैभव**, कुशल पुष्प ४, कुशल संस्थान, जयपुर १९९० ई०, पृष्ठ ३७२.

१३. द्रष्टव्य इसी पुस्तकके अ-तर्गत कोरंटगच्छ का संक्षिप्त इतिहास

Jain Education International　　For Private & Personal Use Only　　www.jainelibrary.org

पार्श्वचन्द्रगच्छ का संक्षिप्त इतिहास

श्वेताम्बर परम्परा में समय-समय पर अस्तित्व में आये विभिन्न गच्छों में नागपुरीयतपागच्छ भी एक है। इस गच्छ की पट्टावलियों के अनुसार वडगच्छीय आचार्य वादिदेवसूरि के शिष्य पद्मप्रभसूरि द्वारा नागौर में उग्र तप करने के कारण वहां के शासक द्वारा उन्हें 'तपा' विरुद् प्रदान किया गया । धीरे-धीरे उनकी शिष्य सन्तति इसी आधार पर नागपुरीयतपागच्छ के नाम से विख्यात् हुई । इस गच्छ में कई विद्वान् और प्रभावशाली मुनिजन हो चुके हैं । इसी गच्छ में वि० सम्वत् की १६वीं शती के अंतिम चरण में हुए आचार्य हेमहंससूरि की परम्परा में हुए आचार्य साधुरत्नसूरि के शिष्य पार्श्वचन्द्रसूरि अपने समय के एक प्रखर विद्वान् और प्रभावशाली जैन आचार्य थे । उनके द्वारा रची गयी अनेक महत्त्वपूर्ण कृतियां मिलती हैं । उनके पश्चात् इनकी शिष्यसंतति इन्हीं के नाम पर पार्श्वचन्द्रगच्छ के नाम से प्रसिद्ध हुई और आज भी इस परम्परा के अनुयायी मुनिजन एवं साध्वियां विद्यमान हैं ।

पार्श्वचन्द्रगच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिये आवश्यक साहित्यिक एवं अभिलेखीय दोनों प्रकार के साक्ष्य उपलब्ध हैं । इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा रचित ग्रन्थों की प्रशस्तियों तथा उनके प्रेरणा से लिखवायी गयी या स्वयं अध्ययनार्थ लिखे गये ग्रन्थों की प्रशस्तियों के साथ-साथ इस गच्छ की तीन पट्टावलियाँ भी मिलती हैं । इन सब के साथ-साथ इस गच्छ से सम्बद्ध कुछ अभिलेखीय साक्ष्य भी मिलते हैं, जो विक्रम सम्वत् की १८वीं शती से लेकर वि०सं० की २०वीं शती तक के हैं । साम्प्रत निबन्ध में उन सभी साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के इतिहास की एक झलक प्रस्तुत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने का एक प्रयास किया गया है। अध्ययन की सुविधा के लिये सर्वप्रथम साहित्यिक साक्ष्यों-ग्रन्थ एवं पुस्तक प्रशस्तियों तथा पट्टावलियों और इनके पश्चात् अभिलेखीय साक्ष्यों का विवरण प्रस्तुत है।

जैसा की ऊपर कहा जा चुका है आचार्य पार्श्वचन्द्रसूरि अपने समय के विद्वान् और प्रभावक जैन मुनि थे। उनके द्वारा रची गयी अनेक महत्त्वपूर्ण कृतियाँ मिलती हैं[१] जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं :

१. **आचारांगप्रथमश्रुतस्कन्धबालावबोध**
२. **तंदुलवेचारियपयन्नाबालावबोध**
३. **प्रश्नव्याकरणसूत्रबालावबोध**
४. **औपपातिकसूत्रबालावबोध**
५. **सूत्रकृतांगसूत्रबालावबोध**
६. **रूपकमाला** (रचनाकाल वि०सं० १५८६)
७. **साधुवंदना**
८. **चारित्रमनोरथमाला**
९. **श्रावकमनोरथमाला**
१०. **संगरंगप्रबन्ध**
११. **वस्तुपाल तेजपालरास** (रचनाकाल वि०सं० १५९७)
१२. **मुंहपत्तिछत्तीसी**
१३. **केशिप्रदेशीबंध**
१४. **खंधकचरित्र** (रचनाकाल वि०सं० १६००)

इनके शिष्य समरचन्द्र भी विद्वान् जैनाचार्य थे। अपने गुरु पार्श्वचन्द्रसूरि की स्तुति में इन्होंने **पार्श्वचन्द्रसूरिस्तुतिसंझाय** की रचना की[२]। इनके द्वारा रचित अन्य कृतियों[३] का विवरण निम्नानुसार है :

१. **चतुर्विंशतिजिननमस्कार** (रचनाकाल वि०सं० १५८८)
२. **प्रत्याख्यानचतुःसप्ततिका**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. पंचविंशतिक्रियासंझाय

४. आवश्यकअक्षरप्रमाणसंझाय

५. शत्रुंजयमंडनपार्श्वनाथस्तवन

६. शांतिनाथजिनस्तवन

७. ब्रह्मचारी

८. उपदेशसाररत्नकोश

९. ऋषभस्तव

१०. कल्याणस्तव

११. शंखेश्वरस्तव

१२. नेमिस्तव

अपनी कृतियों की प्रशस्तियों में इन्होंने अपने गुरु पार्श्वचन्द्रसूरि का सादर स्मरण किया है।

पार्श्वचन्द्रसूरि के दूसरे शिष्य विनयदेवसूरि हुए जिनसे सुधर्मगच्छ अस्तित्व में आया[४]। विनयदेवसूरि के प्रशिष्य मनजी ऋषि ने वि०सं० १६४६ में **विनयदेवसूरिरास** की रचना की।

पार्श्वचन्द्रगच्छ से सम्बद्ध अन्य साहित्यिक साक्ष्यों का विवरण इस प्रकार है।

सम्यकत्त्वकौमुदीरास – वि०सं० १६४२ में रची गयी इस कृति के रचनाकार के रूप में वच्छराज नामक मुनि का उल्लेख मिलता है। मरु-गूर्जर भाषा में रचित उक्त कृति की प्रशस्ति[५] में रचनाकार ने अपने गच्छ, गुरु-परम्परा, रचनाकाल आदि का सुन्दर विवरण दिया है, जो निम्नानुसार है :

पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचन्द्रसूरि — वाचक रत्नचारित्र
|
ऋषि वच्छराज

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(वि०सं० १६४२ में **सम्यकत्त्वकौमुदीरास** के रचनाकार)

ऋषि वच्छराज द्वारा रचित **नीतिशास्त्रपंचाख्यान** अपरनाम **पंचतंत्रचोपाई**[६] (रचनाकाल वि०सं० १६४८) नामक एक अन्य कृति भी प्राप्त होती है।

पार्श्वचन्द्रसूरिना ४२ दोहा - पार्श्वचन्द्रगच्छीय जयचन्द्रसूरि द्वारा रचित इस कृति की प्रशस्ति[७] में रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा का विवरण दिया है, जो इस प्रकार है :

पार्श्वचन्द्र पट्टोधरण, रामचंद्र गुरु सूर,
परेत गुरुने पालीया पंच महाव्रत पूर।
समरचंद्र गुरु सारिखा, राजचंद्र तिणरात,
खडगधार चारित्र खरो चढे धरा लग बात।
गच्छधोरी गाजे गुहिर विमलचंद्र वडवार,
पट्टोधरण प्रगटीयो जयचंद्र जगे आधार।
जे राजा परजाह जे सहुके नामे शीष,
जयचंद आयो जोधपुर पुगी सवहि जगीस।

अर्थात्

पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचंद्रसूरि
|
विमलचन्द्रसूरि
|
जयचन्द्रसूरि (वि०सं० १७वीं शती के तृतीय चरण आस-पास **पार्श्वचन्द्रसूरिना सैंतालिस-दोहा** के रचनाकार)

इनके द्वारा रचित **राजरत्नरास** (वि०सं० १६५४), **रायचन्द्रसूरिरास** आदि कृतियां भी मिलती हैं।[८]

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आरामशोभाचरित्र के रचनाकार पूंजाऋषि भी इसी गच्छ के थे। अपनी उक्त कृति की प्रशस्ति[९] में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा एवं रचनाकाल आदि का निर्देश किया है, जो इस प्रकार है :

पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
रायचन्द्रसूरि
|
हंसचन्द्रसूरि
|
पूंजाऋषि (वि०सं० १६५२ /ई०स० १५९६ में **आरामशोभाचरित्र** के रचनाकार)

वि०सं० १६६३/ई० सन् १६०७ में रचित **अंजनासुन्दरीरास की प्रशस्ति**[१०] से ज्ञात होता है कि इसके रचनाकार विमलचारित्र भी इसी गच्छ से सम्बद्ध थे। इसकी प्रशस्ति में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो निम्नानुसार है :

पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचन्द्रसूरि — वाचक रत्नचारित्र
|
विमलचारित्र (वि०सं० १६६३/ई०स० १६०७ में **अंजनासुन्दरीरास** के रचनाकार)

वि०सं० १६६४/ई०स० १६०८ में रची गयी **नलदमयन्तीरास** के रचनाकार मेघराज ने भी स्वयं को पार्श्वचन्द्रगच्छ के मुनि के रूप में उल्लिखित किया है। इसकी प्रशस्ति[११] में इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा, रचनाकाल आदि का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचंद्रसूरि
|
श्रवणऋषि
|
वाचक मेघराज (वि०सं० १६६४/ई०स० १६०८ में **नलदमयन्तीरास** के रचनाकार)

वाचक मेघराज द्वारा रची गयी **सोलहसतीरास**, **पार्श्वचन्द्रस्तुति**, **सद्‌गुरुस्तुति**, **राजप्रश्नीयउपांगबालावबोध** (वि०सं० १६७०), **समवायांगसूत्रबालावबोध**, **उत्तराध्ययनसूत्रबालावबोध**, **औपपातिकसूत्रबालावबोध**, **साधुसमाचारी** (वि०सं० १६६१), **क्षेत्रसमासबालावबोध** (वि०सं० १६७०) आदि विभिन्न कृतियां मिलती हैं[१२]।

जम्बूपृच्छारास (रचनाकाल वि०सं० १७२८/ई०स० १६७२) की प्रशस्ति[१३] से ज्ञात होता है कि इसके रचनाकार वीरचन्द्र भी पार्श्वचन्द्रगच्छ से सम्बद्ध थे। इन्होंने अपनी गुरु-परम्परा निम्नलिखित रूप से बतलायी है :

पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचन्द्रसूरि
|
देवचन्द्र
|
वीरचन्द्र (वि०सं० १७२८/ई०स० १६७२ में **जम्बूपृच्छारास** के रचनाकार)

जयचन्द्रसूरि के एक शिष्य वाचक प्रमोदचंद्र हुए, जिनके द्वारा भी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रचित कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके शिष्य कर्मचन्द्र द्वारा वि०सं० १७३०(७) में रचित **रोहिणीअशोकचंद्र चौपाई** नामक कृति प्राप्त होती है, जिसकी प्रशस्ति[१४] में इन्होंने अपने प्रगुरु, गुरु, गुरुभ्राता आदि का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

जयचन्द्रसूरि
- प्रमोदचन्द्र
  - कर्मचन्द्र (वि०सं० १७३०(७) में **रोहिणीअशोकचन्द्र चौपाई** के रचनाकार)
- पद्मचन्द्रसूरि
  - मुनिचन्द्रसूरि

इस गच्छ की पट्टावलियों में भी जयचन्द्रसूरि के पट्टधर के रूप में **पद्मचन्द्रसूरि** का नाम मिलता है।

जयचन्द्रसूरि के एक अन्य शिष्य हीरचंद्र हुए जिनके द्वारा रचित यद्यपि कोई कृति नहीं मिलती, किन्तु इनके प्रशिष्य लक्ष्मीचंद्र द्वारा रचित **गणसारिणी** (रचनाकाल वि०सं० १७६०) नामक कृति मिलती है, जिसकी प्रशस्ति[१५] में रचनाकार ने अपनी गुरु-परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

जयचन्द्रसूरि
|
हीरचंद्रसूरि
|
जगच्चन्द्रसूरि
|
लक्ष्मीचंद्रसूरि (वि०सं० १७६० में **गणसारिणी** के कर्ता)

उक्त साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के मुनिजनों के गुरु-शिष्य परंपरा की एक तालिका संगठित की जा सकती है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रष्टव्य-तालिका क्रमांक - १

- पार्श्वचन्द्रसूरि (पार्श्वचन्द्रगच्छ के प्रवर्तक एवं अनेक कृतियों के रचनाकार)
  - विनयदेवसूरि (सुधर्मगच्छ के प्रवर्तक)
    - विनयकीर्तिसूरि
      - मनजीऋषि (वि०सं० १६४६ में **विनयदेवसूरिरास** के रचनाकार)
  - समरचन्द्रसूरि (अनेक संज्झाय, स्तवन आदि के रचयिता)
    - राजचन्द्रसूरि
      - विमलचन्द्र सूरि
        - जयचन्द्रसूरि
      - हंसचन्द्र
        - पूंजाऋषि वि०सं० १६४२ में **आरामशोभाचरित्र** के रचनाकार
      - देवचन्द्र
        - वीरचन्द्र वि०सं० १७२८में **जम्बूपृच्छारास** के कर्ता)
      - श्रवणऋषि (वि०सं० १६५७ में वि०सं० **ऋषिदत्तारास** के कर्ता)
        - मेघराज वि०सं० १६६४में **नलदमयन्तीरास** तथा अन्य कृतियों के रचनाकार:
    - रत्नचारित्र
      - विमलचारित्र (वि०सं०१६६३ में **अंजनासुंदरीरास** के कर्ता)
      - वच्छराज (वि०सं०१६४२ में **सम्यकत्त्वकौमुदीरास** के कर्ता)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रमोदचन्द्र
|
कर्मचन्द

वि०सं० १७३० में
(**रोहिणीअशोकचन्द्रचौपाई** के रचनाकार)

हीरचन्द्र
|
जगच्चन्द्र
|
लक्ष्मीचन्द्र
(वि०सं० १७६० में **गणसारिणी** के कर्ता)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है पार्श्वचन्द्रगच्छ की चार पट्टावलियां आज प्राप्त होती हैं। इनमें से प्रथम पट्टावली[१६] वि०सं० की १८वीं शती में रची गयी प्रतीत होती है तथा अन्य तीनों विक्रम सम्वत् की २०वीं शती के अंतिम दशक में। प्रथम पट्टावली का प्रारम्भ सुधर्मा स्वामी से होता है। चूंकि इस गच्छ का उद्भव नागपुरीयतपागच्छ से माना जाता है और नागपुरीयतपागच्छ का बृहद्गच्छीय आचार्य वादिदेवसूरि के शिष्य पद्मप्रभसूरि से। अतः इस पट्टावली में पद्मप्रभसूरि और उनके बाद के जिन पट्टधर आचार्यों का नाम और क्रम मिलता है, वह इस प्रकार है :

तालिका - २

पद्मप्रभसूरि (**भवुनदीपक** के प्रणेता)
|
प्रसन्नचन्द्रसूरि (वि०सं० ११७४ में **नागपुरीयतपागच्छ** के प्रवर्तक)
|
गुणसमुद्रसूरि
|
जयशेखरसूरि (वि०सं० १३०१ में आचार्य पद प्राप्त)
|
वज्रसेनसूरि (वि०सं० १३४२ में आचार्य पद प्राप्त)
|
हेमतिलकसूरि (वि०सं० १३९९ में दिल्ली के अधिपति फिरोजशाह तुगलक से भेंट किया)
|
रत्नशेखरसूरि (फिरोजशाह तुगलक के प्रतिबोधक)
|
हेमचन्द्रसूरि
|
पूर्णचन्द्रसूरि (वि०सं० १४२४ में आचार्य पद प्राप्त)
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेमहंससूरि (वि०सं० १४५३ में आचार्य पद पर प्रतिष्ठापित)
|
पंन्यास लक्ष्मीनिवास

पंन्यास पुण्यरत्न (सर्वविद्याविशारद, वि०सं० १४९९ में विद्यमान)
|
पंन्यास साधुरत्न
|
पार्श्वचन्द्रसूरि (वि०सं० १५३७ में जन्म, १५४७ में दीक्षा, वि०सं० १५५४ में उपाध्याय पद, वि०सं० १५६५ में क्रियोद्धार, अनेक ग्रन्थों के रचनाकार, वि०सं० १६१२ में स्वर्गस्थ)
|
विनयदेवसूरि   समरचन्द्रसूरि (वि०सं० १६०५ में आचार्य पद प्राप्त, वि०सं० १६२६ में स्वर्गस्थ)
|
राजचन्द्रसूरि
|
विमलचन्द्रसूरि
|
जयचन्द्रसूरि
|
पद्मचन्द्रसूरि (वि०सं० १६८८ में दीक्षा, वि०सं० १७४४ में स्वर्गस्थ)
|
मुनिचन्द्रसूरि (वि०सं० १७२२ में आचार्य पद, वि०सं० १७४४ में भट्टारक पद, वि०सं० १७५० में निधन)
|
नेमिचन्द्रसूरि (वि०सं० १७५० में भट्टारक पद प्राप्त)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पार्श्वचन्द्रगच्छ की दूसरी पट्टावली[१७] में पद्मप्रभसूरि से लेकर मुनिवृद्धिचन्द्र तक का पट्टक्रम प्राप्त होता है, जो इस प्रकार है :

तालिका - ३

पद्मप्रभसूरि
|
प्रसन्नचन्द्रसूरि
|
गुणसमुद्रसूरि
|
जयशेखरसूरि
|
वज्रसेनसूरि
|
हेमतिलकसूरि
|
रत्नशेखरसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
पूर्णचन्द्रसूरि
|
हेमहंससूरि
|
लक्ष्मीनिवाससूरि
|
पुण्यरत्नसूरि
|
पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचन्द्रसूरि
|
विमलचन्द्रसूरि
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जयचन्द्रसूरि
|
पद्मचन्द्रसूरि
|
मुनिचन्द्रसूरि
|
नेमिचन्द्रसूरि
|
कनकचन्द्रसूरि
|
शिवचन्द्रसूरि
|
भानुचन्द्रसूरि
|
विवेकचन्द्रसूरि
|
लब्धिचन्द्रसूरि
|
हर्षचन्द्रसूरि
|
मुक्तिचन्द्रसूरि
|
भ्रातृचन्द्रसूरि (वि०सं० १९२० में जन्म, वि०सं० १९३५ में दीक्षा, वि०सं० १९३७ में क्रियोद्धार, वि०सं० १९६७ में आचार्य पद, १९७२ में निधन)
|
सागरचन्द्रसूरि (वि०सं० १९४३ में जन्म, १९५८ में दीक्षा, वि०सं० १९९३ में आचार्य पद, वि०सं० १९९५ में स्वर्गस्थ)
|
मुनिवृद्धिचन्द्र

तृतीय पट्टावली तो गच्छ के प्रवर्तक पार्श्वचन्द्रसूरि से ही प्रारम्भ होती है। इसमें भी सागरचन्द्रसूरि तक का पट्टक्रम प्राप्त होता है,[१८] जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तालिका - ४

पार्श्वचन्द्रसूरि (वि०सं० १५७२ में नागपुरीयतपागच्छ से अलग होकर वि०सं० १५७५ में अपना मत प्रकट किया)
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचन्द्रसूरि
|
विमलचन्द्रसूरि
|
जयचन्द्रसूरि (वि०सं० १६९९ में स्वर्गस्थ)
|
पद्मचन्द्रसूरि (वि०सं० १७४४ में स्वर्गस्थ)
|
मुनिचन्द्रसूरि (वि०सं० १७९७ में स्वर्गस्थ)
|
कनकचन्द्रसूरि
|
शिवचन्द्रसूरि (वि०सं० १८२३ में स्वर्गस्थ)
|
भानुचन्द्रसूरि
|
विवेकचन्द्रसूरि
|
लब्धिचन्द्रसूरि
|
हर्षचन्द्रसूरि (वि०सं० १९१३ में स्वर्गस्थ)
|
हेमचन्द्रसूरि (वि०सं० १९४० में स्वर्गस्थ)
|
भ्रातृचन्द्रसूरि (वि०सं० १९७२ में स्वर्गस्थ)
|
सागरचन्द्रसूरि (वि०सं० १९९३ में स्वर्गस्थ)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चतुर्थ पट्टावली श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई द्वारा संपादित **जैनगूर्जर कविओ** भाग २ (प्रथम संस्करण) में दी गयी है[१९]। इसमें भी आचार्य वादिदेवसूरि के शिष्य पद्मप्रभसूरि से लेकर देवचंद्रसूरि तक का अपेक्षाकृत विस्तार से परिचय दिया गया है, जो इस प्रकार है :

तालिका - ५

वादिदेवसूरि
|
पद्मप्रभसूरि (वि०सं० ११९४ में आचार्य पद पर प्रतिष्ठापित, **भुवनदीपक** नामक **ज्योतिषशास्त्र** की कृति के रचनाकार वि०सं० १२४० में स्वर्गस्थ)
|
प्रसन्नचन्द्र (वि०सं० १२३६ में आचार्य पद : वि०सं० १२८६ में स्वर्गस्थ)
|
गुणसमुद्रसूरि (वि०सं० १३०१ में स्वर्गस्थ)
|
जयशेखरसूरि (वि०सं० १३०१ में नागौर में आचार्य पद प्राप्त)
|
वज्रसेनसूरि (**लघुत्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित, गुरुगुण-षट्त्रिंशका** आदि के कर्ता)
|
हेमतिलकसूरि (वि०सं० १३९९ या १४०० में बीलाडा में आचार्य पद प्राप्त) (**श्रीपालचरित** आदि अनेक कृतियों के कर्ता)
|
हेमचन्द्रसूरि (**श्रीपालचरित** की प्रथमादर्शप्रति के लेखक)
|
पूर्णचन्द्रसूरि (वि०सं० १४३० में आचार्य पद प्राप्त)
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेमहंससूरि (वि०सं० १४५३ में आचार्य पद प्राप्त)

हेमसमुद्र

पंन्यासलक्ष्मीनिवास (वि०सं० १४७० में विद्यमान)

पंन्यास पुण्यरत्न (वि०सं० १४९९ में विद्यमान)

पंन्यास साधुरत्न (वि०सं० १५३७ में आचार्य पद, वि०सं० १५६५ में स्वर्गस्थ)

पार्श्वचन्द्रसूरि (वि०सं० १५६५ में आचार्य पद, वि०सं० १५७२ में नागपुरीय-तपागच्छ से अलग होकर वि०सं० १५७५ में अपना मत प्रकट किया, वि०सं० १६१२ में स्वर्गस्थ)

समरचन्द्रसूरि (वि०सं० १६०५ में आचार्य पद, वि०सं० १६२६ में स्वर्गस्थ)

राजचन्द्रसूरि

विमलचन्द्रसूरि

जयचन्द्रसूरि (वि०सं० १६९९ में स्वर्गस्थ)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
पद्मचन्द्रसूरि (वि०सं० १७४४ में स्वर्गस्थ)
|
मुनिचन्द्रसूरि (वि०सं० १७४४ में आचार्य पद, वि०सं० १७५० में स्वर्गस्थ)
|
नेमिचन्द्रसूरि (वि०सं० १७५० में आचार्य पद, वि०सं० १७९० में स्वर्गस्थ)
|
कनकचन्द्रसूरि
|
शिवचन्द्रसूरि (वि०सं० १८२३ में स्वर्गस्थ)
|
भानुचन्द्रसूरि
|
विवेकचन्द्रसूरि
|
लब्धिचन्द्रसूरि
|
हर्षचन्द्रसूरि (वि०सं० १९१३ में स्वर्गस्थ)
|
हेमचन्द्रसूरि (वि०सं० १९४० में स्वर्गस्थ) मुक्तिचन्द्रसूरि
|
भ्रातृचन्द्रसूरि (वि०सं० १९६७ में आचार्यपद वि०सं० १९७२ में स्वर्गस्थ)
|
देवचन्द्रसूरि   सागरचन्द्रसूरि (वि०सं० १९९५ में स्वर्गस्थ)
|
मुनि वृद्धिचन्द्र

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जैसा कि ऊपर देख चुके हैं प्रथम पट्टावली में पद्मप्रभसूरि के पट्टधर प्रसन्नचन्द्रसूरि द्वारा वि०सं० ११७४ में नागपुरीयतपागच्छ की स्थापना का उल्लेख है। चूंकि नागपुरीयतपागच्छ से सम्बद्ध ग्रन्थ प्रशस्तियों[२०] तथा अन्य सभी पट्टावलियों में समान रूप से पद्मप्रभसूरि को यह श्रेय दिया गया है, अतः उक्त विवरण को पट्टावलीकार की भूल मानी जाये अथवा लेहिया की या ग्रन्थ के सम्पादक की, यह विचारणीय है।

चूँकि पार्श्वचन्द्रगच्छ का प्रादुर्भाव नागपुरीयतपागच्छ के मुनि साधुरत्न के शिष्य पार्श्वचन्द्रसूरि से हुआ है और जैसा कि पट्टावलियों में ऊपर हम देख चुके हैं इनमें पार्श्वचन्द्रसूरि और इनकी शिष्य परम्परा में हुए पट्टधर आचार्यों का क्रम एक-दो नामों को छोड़कर प्रायः समान रूप से मिलता है, जिसे एक तालिका के रूप में निम्न प्रकार से रखा जा सकता है :

तालिका - ६

पार्श्वचन्द्रसूरि
|
समरचन्द्रसूरि
|
राजचन्द्रसूरि
|
विमलचन्द्रसूरि
|
जयचन्द्रसूरि
|
पद्मचन्द्रसूरि
|
मुनिचन्द्रसूरि
|
नेमिचन्द्रसूरि
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कनकचन्द्रसूरि
|
शिवचन्द्रसूरि
|
भानुचन्द्रसूरि
|
विवेकचन्द्रसूरि
|
लब्धिचन्द्रसूरि
|
हर्षचन्द्रसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि — मुक्तिचन्द्रसूरि
|
भ्रातृचन्द्रसूरि
|
देवचन्द्रसूरि — सागरचन्द्रसूरि
|
मुनिवृद्धिचन्द्र

पट्टावलियों के पार्श्वचन्द्रसूरि के केवल एक शिष्य समरचन्द्र का नाम मिलता है, किन्तु ग्रन्थप्रशस्तियों से उनके एक अन्य शिष्य विनयदेवसूरि का भी ज्ञात होता है, जिनसे सुधर्मागच्छ अस्तित्व में आया।[२०अ] इसी प्रकार पट्टावलियों से जहाँ समरचन्द्रसूरि के एक शिष्य राजचन्द्रसूरि का नाम ज्ञात होता है, वहीं ग्रन्थ प्रशस्तियों से उनके दूसरे शिष्य रत्नचारित्र तथा प्रशिष्यों विमलचारित्र और वच्छराज का भी पता चलता है। इनके द्वारा रची गयी विभिन्न कृतियां मिलती हैं। राजचन्द्रसूरि के अन्य शिष्यों हंसचन्द्र, देवचन्द्र, श्रवणऋषि तथा उनके प्रशिष्यों पूंजाऋषि, वीरचन्द्र, मेघराज आदि के नाम ग्रन्थ प्रशस्तियों से ही ज्ञात होते हैं।

इसी प्रकार जैसा कि ऊपर हम देख चुके हैं पट्टावलियों में जयचन्द्रसूरि के पट्टधर के रूप में पद्मचन्द्रसूरि का नाम मिलता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मध्यमिका शाखा का उल्लेख प्राप्त होता है। इनके शिष्य परिवार में विजयसिंहसूरि, श्रीचन्द्रसूरि, विबुधचन्द्रसूरि, लक्ष्मणगणि और आगे चल कर मुनिचन्द्रसूरि, देवभद्रसूरि, देवप्रभसूरि, यशोभद्रसूरि, नरचन्द्रसूरि, नरेन्द्रप्रभसूरि, पद्मप्रभसूरि, श्रीतिलकसूरि, राजशेखरसूरि, वाचनाचार्य सुधाकलश आदि कई विद्वान् आचार्य एवं मुनि हुए हैं।

इस गच्छ के इतिहास के अध्ययन के लिए साहित्यिक और अभिलेखीय दोनों प्रकार के साक्ष्य उपलब्ध हैं। साहित्यिक साक्ष्यों के अन्तर्गत इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा बड़ी संख्या में रची गयी कृतियों की प्रशस्तियों अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त इस गच्छ की एक पट्टावली भी मिलती है, जो **सद्गुरुपद्धति** के नाम से जानी जाती है। इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा वि० सं० ११९० से वि० सं० १६९९ तक प्रतिष्ठापित १०० से अधिक सलेख जिन प्रतिमाएँ मिलती हैं। यहां उक्त सभी साक्ष्यों के आधार पर इस गच्छ के इतिहास पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

अनुयोगद्वारवृत्ति

संस्कृत भाषा में ५६०० श्लोकों में निबद्ध यह कृति मलधारी हेमचन्द्रसूरि की रचना है। इसकी प्रशस्ति[१] में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

जयसिंहसूरि

|

अभयदेवसूरि

|

हेमचन्द्रसूरि (**अनुयोगद्वारवृत्ति** के रचनाकार)

हेमचन्द्रसूरि विरचित **विशेषावश्यकभाष्यबृहद्वृत्ति** के अन्त में भी यही प्रशस्ति मिलती है। उनके द्वारा रचित **आवश्यकप्रदेशव्याख्यावृत्ति**,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आवश्यकटिप्पन, शतकविवरण, उपदेशमालावृत्ति आदि रचनायें मिलती हैं, जिनके बारे में आगे यथास्थान विवरण दिया गया है।

धर्मोपदेशमालावृत्ति

मलधारी हेमचन्द्रसूरि के शिष्य विजयसिंहसूरि ने वि० सं० ११९१/ ई० सन् ११३५ में उक्त कृति की रचना की। इसकी प्रशस्ति[२] में वृत्तिकार ने अपनी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

जयसिंहसूरि
|
अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
विजयसिंहसूरि (वि० सं० ११९१ ई० /सन् ११३५ में **धर्मोपदेशमाला-वृत्ति** के रचनाकार

मुनिसुव्रतचरित

यह प्राकृतभाषा में इस तीर्थङ्कर के जीवन पर लिखी गयी एकमात्र कृति है जो मलधारी गच्छ के प्रसिद्ध आचार्य श्रीचन्द्रसूरि द्वारा वि० सं० ११९३/ई० सन् ११३७ में रची गयी है। इसकी प्रथमादर्श प्रति आचार्य के गुरुभ्राता विबुधचन्द्रसूरि द्वारा लिखी गयी। ग्रन्थ की प्रशस्ति[३] में ग्रन्थकार ने अपनी गुरु-परम्परा के साथ अपने गुरुभ्राता के इस सहयोग का भी उल्लेख किया है :

जयसिंहसूरि
|
अभयदेवसूरि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

|
हेमचन्द्रसूरि
|
श्रीचन्द्रसूरि (वि० सं० ११९३/ ई० सन् ११३५ में **धर्मोपदेशमालावृत्ति** के रचनाकार) — विबुधचन्द्रसूरि (**धर्मोपदेशमालावृत्ति** की प्रथमादर्श प्रति के लेखक)

सुपासनाहचरिय -

प्राकृत भाषा में ८००० गाथाओं में निबद्ध यह कृति वि० सं० ११९९ / ई० सन् ११४३ में मलधारी लक्ष्मणगणि द्वारा रची गयी है। इसकी प्रशस्ति[४] में ग्रन्थकार ने अपनी गुरु-परम्परा का इस प्रकार उल्लेख किया है :

जयसिंहसूरि
|
अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
लक्ष्मणगणि (वि० सं० ११४४/ई० सन् ११४३ में **सुपासनाहचरिय** के रचनाकार)

संग्रहणीवृत्ति -

यह मलधारी श्रीचन्द्रसूरि के शिष्य देवभद्रसूरि की कृति है। इसकी प्रशस्ति[५] के अन्तर्गत ग्रन्थकार ने अपनी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
श्रीचन्द्रसूरि
|
देवभद्रसूरि (**संग्रहणीवृत्ति** के रचनाकार)

यह कृति वि० सं० की १३वीं शती के प्रथम अथवा द्वितीय दशक की रचना मानी जा सकती है।

पाण्डवचरितमहाकाव्य

यह लोकप्रसिद्ध पाण्डवों के जीवनचरित पर जैनपरम्परा पर आधारित ८ हजार श्लोकों की रचना है। इसके रचनाकार मलधारी देवप्रभसूरि हैं। ग्रन्थ की प्रशस्ति से ज्ञात होता है कि ग्रन्थकार ने अपने ज्येष्ठ गुरुभ्राता देवानन्दसूरि के अनुरोध पर यह रचना की। इस कार्य में उन्हें अपने एक अन्य गुरुभ्राता यशोभद्रसूरि और शिष्य नरचन्द्रसूरि से भी सहायता प्राप्त हुई। प्रशस्ति[६] में उल्लिखित ग्रन्थकार की गुरु-परम्परा इस प्रकार है :

अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
विजयसिंहसूरि — श्रीचन्द्रसूरि
श्रीचन्द्रसूरि
|
मुनिचन्द्रसूरि
|
देवानन्दसूरि — देवप्रभसूरि — यशोभद्रसूरि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(पाण्डवचरित-महाकाव्य की रचना के प्रेरक) — **(पाण्डवचरित-महाकाव्य** के रचनाकार) — (ग्रन्थलेखन में सहायक)

|

नरचन्द्रसूरि
(ग्रन्थलेखन में सहायक)

ग्रन्थकार ने ग्रन्थ की प्रशस्ति के अन्तर्गत रचनाकाल का उल्लेख नहीं किया है किन्तु श्री मोहनलाल दलीचंद देसाई ने उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर इसे वि० सं० १२७०/ई० सन् १२१४ के आस-पास रचित बतलाया है,[६अ] जो उचित प्रतीत होता है।

कथारत्नसागर

यह देवप्रभसूरि के शिष्य प्रसिद्ध ग्रन्थकार नरचन्द्रसूरि की रचना है। इसकी प्रशस्ति में ग्रन्थकार ने अपनी गुरु-परम्परा इस प्रकार दी है :

अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
श्रीचन्द्रसूरि
|
मुनिचन्द्रसूरि
|
देवानन्दसूरि — देवप्रभसूरि — यशोभद्रसूरि
|
नरचन्द्रसूरि (**कथारत्नसागर** के रचनाकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसका एक नाम **कथारत्नाकर** भी मिलता है। जैनधर्म सम्बन्धी कथानक सुनने की महामात्य वस्तुपाल की उत्कण्ठा को शान्त करने के लिए नरचन्द्रसूरि ने इसकी रचना की। इस कृति की वि० सं० १३१९/ई० सन् १२५३ की लिखी गयी ताड़पत्र की एक प्रति पाटन के संघवीपाडा ग्रन्थ भण्डार में संरक्षित है।[७] नरचन्द्रसूरि महामात्य वस्तुपाल के मातृपक्ष के गुरु थे। उनके द्वारा रचित **प्राकृतदीपिकाप्रबोध, अनर्घराघवटिप्पन, ज्योतिषसार** आदि कई अन्य कृतियाँ भी मिलती हैं। वस्तुपाल के गिरनार के दो लेखों के पद्यांश भी नरचन्द्रसूरि द्वारा रचित हैं और **वस्तुपालप्रशस्ति** भी इन्हीं की कृति है।

अलंकारमहोदधि

महामात्य वस्तुपाल के अनुरोध एवं मलधारी आचार्य नरचन्द्रसूरि के आदेश से उनके शिष्य नरेन्द्रप्रभसूरि ने वि० सं० १२८० में **अलंकारमहोदधि** तथा वि० सं० १२८२/ई० सन् १२२६ में इस पर वृत्ति की रचना की। इसकी प्रशस्ति[८] में उन्होंने अपनी गुरु-परम्परा का उल्लेख किया है, जो इस प्रकार है :

अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
श्रीचन्द्रसूरि
|
मुनिचन्द्रसूरि
|
देवानन्दसूरि — देवप्रभसूरि — यशोभद्रसूरि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नरचन्द्रसूरि
|
नरेन्द्रप्रभसूरि (वि० सं० १२८२ /ई० सन् १२२६ में **अलंकार-महोदधिवृत्ति** के रचनाकार)

न्यायकंदलीपंजिका

यह हर्षपुरीयगच्छ के प्रसिद्ध आचार्य राजशेखरसूरि द्वारा वि० सं० १३८५/ई० सन् १३२९ में रची गयी है। इसकी प्रशस्ति[१] में उन्होंने लम्बी गुरु - परम्परा दी है, जो इस प्रकार है :

अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
श्रीचन्द्रसूरि
|
मुनिचन्द्रसूरि
|
देवप्रभसूरि
|
नरचन्द्रसूरि
|
पद्मदेवसूरि
|
श्रीतिलकसूरि
|
राजशेखरसूरि (वि० सं० १३८५ /ई० सन्

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३२९ में **न्यायकंदली-पंजिका** के रचनाकार)

संगीतोपनिषत्सारोद्धार[१०]

यह इस गच्छी के वाचनाचार्य सुधाकलश द्वारा वि० सं० १४०६/ई० सन् १३५० में रची गयी ६१० श्लोकों की रचना है। यह ६ अध्यायों में विभक्त है। इसकी प्रशस्ति में ग्रन्थकार ने अपनी लम्बी गुरु-परम्परा का परिचय न देते हुए अपने पूर्वज अभयदेवसूरि तथा उनकी परम्परा में हुए श्रीतिलकसूरि एवं उनके शिष्य राजशेखरसूरि का अपने गुरु के रूप में उल्लेख किया है :

मलधारी अभयदेवसूरि
|
श्रीतिलकसूरि
|
राजशेखरसूरि
|
सुधाकलश (वि० सं० १४०६/ ई० १३५० में **संगीतोपनिषत्-सारोद्धार** के रचयिता)

उक्त साहित्यिक साक्ष्यों के आधार पर हर्षपुरीयगच्छ अपरनाम मलधारीगच्छ के मुनिजनों की गुरु-परम्परा की एक तालिका इस प्रकार निर्मित होती है (द्रष्टव्य तालिका क्रमाङ्क - १)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तालिका क्रमांक -१

जयसिंहसूरि
|
अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|

- विजयसिंहसूरि (वि० सं० ११९१/ ई० सन् ११३५ में **धर्मोपदेशमाला-वृत्ति** के रचनाकार)
- श्रीचन्द्रसूरि (वि० सं० ११९३/ ई० सन् ११३७ में **मुनिसुव्रत-स्वामिचरित** के रचनाकार)
  - मुनिचन्द्रसूरि
    - देवानन्दसूरि (**पाण्डवचरित-महाकाव्य** की रचना के प्रेरक
    - यशोभद्रसूरि (**पाण्डवचरित-महाकाव्य** की रचना में सहायक
    - देवप्रभसूरि (**पाण्डवचरित-महाकाव्य** के रचनाकार)
      |
  - देवभद्रसूरि (**संग्रहणीवृत्ति** के रचनाकार)
- विबुधचन्द्रसूरि (**मुनिसुव्रत स्वामिचरित** के लेखन में सहायक)
- लक्ष्मणगणि (वि० सं० ११९९/ ई० सन् ११४३ में **सुपासनाह-चरिय** के रचनाकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नरचन्द्रसूरि
(**कथारत्नाकर** के रचनाकार)

नरेन्द्रप्रभसूरि
(वि० सं० १२८२ /ई० सन् १२२६ में
अलंकारमहोदधि के रचनाकार

पद्मदेवसूरि

श्री तिलकसूरि

राजशेखरसूरि
(वि० सं० १३८५/ ई० सन् १३२९ में
न्यायकंदलीपंजिका के रचनाकार)

सुधाकलश
(वि० सं० १४०६ /ई० सन् १३५० में
संगीतोपनिषत्सारोद्धार के रचनाकार)

हर्षपुरीयगच्छ अपरनाम मलधारी गच्छ के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित तीर्थङ्कर प्रतिमाओं पर उत्कीर्ण लेखों का विवरण

दत्ताणी से प्राप्त और वर्तमान में धवली ग्राम स्थित जिनालय में संरक्षित एक खंडित प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख में इस गच्छ का उल्लेख प्राप्त होता है। मुनि जयन्तविजयजी ने इस लेख की वाचना दी है, जो इस प्रकार है :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री हर्षपुरगच्छेश्री....................दिवा....................श्रावक

धाहिल सुत चाहिल..........कारिता सं [०] ११३९ ॥

अर्बुदाचलप्रदक्षिणा जैनलेखसंग्रह (**आबू** भाग ५), लेखांक ५६.

यदि मुनिश्री की वाचना को सही मानें तो उक्त लेख को इस गच्छ का अबतक उपलब्ध सर्वप्राचीन साक्ष्य माना जा सकता है।

इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा प्रतिष्ठापित १०० से अधिक सलेख जिनप्रतिमाएँ प्राप्त हुई हैं, जो वि० सं० ११९० /ई० सन् ११३४ से वि० सं० १६९९ /ई० सन् १६४३ तक की हैं। इनका विवरण इस प्रकार है -

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
१.	११९०	–		जिनप्रतिमा पर उत्कीर्ण खंडित लेख	–	एम०ए० ढांकीऔर लक्ष्मणभोजक **"शत्रुंजयगिरिना केटलाक अप्रकट प्रतिमालेखो"** **सम्बोधि**, वर्ष ७, अंक १-४, पृष्ठ १३-२५, लेखांक ५
२.	१३२४	आखलु (आश्विन) वदि २	पूर्णचन्द्रसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चीराखाना स्थित जैन मन्दिर, दिल्ली	**जैनलेखसंग्रह**, भाग -२ लेखांक १८७५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
३.	१२५९	वैशाख सुदि ३ बुधवार	देवाणंदसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	धर्मनाथ का पंचायती मन्दिर, बड़ा बाजार, कलकत्ता	वही, भाग १, लेखांक ८९
४.	१२८८	फाल्गुन सुदि १० बुधवार	नरचन्द्रसूरि	शिलालेख	वस्तुपाल द्वारा निर्मित आदिनाथ जिनालय, गिरनार	**प्राचीनजैनलेख-संग्रह**, संपा०मुनि-जिनवजय, भाग २, लेखांक ३९
५.	१२८८	फाल्गुन सुदि १०	,,	,,	,,	वही, लेखांक ४०
६.	१२८८	फाल्गुन सुदि १० बुधवार	नरेन्द्रप्रभसूरि	,,	वस्तुपाल तेजपाल द्वारा निर्मित प्रासाद, गिरनार	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
७.	१२९८	फाल्गुन वदि १४ रविवार	नरचन्द्रसूरि के शिष्य माणिक्यचन्द्रसूरि	शिलालेख (वर्तमान में अनुपलब्ध)	शत्रुंजय	U.P. Shah, "A Forgotten Chapter in the the History of Shvetambara Jaina Church", *Journal of Asiatic Society of Bombay*, Vol.30, Part 1, 1955 A.D. Pp. 100-113.
८.	१३२१	फाल्गुन सुदि १२	प्रभाणंदसूरि	नेमिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	गूढ़मण्डप, लूणवसही, आबू	मुनि जयन्तविजय- **अर्बुदप्राचीनजैन-लेखसंदोह,** (**आबू**, भा. २,) लेखांक २५३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
९.	१३३७	वैशाख सुदि ३ शनिवार	प्रभाणंदसूरि	महावीरस्वामी की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चन्द्रप्रभजिनालय, जैसलमेर	पूरनचन्द नाहर, **जैनलेखसंग्रह**, भाग ३, लेखांक २२३१
१०.	१३४४	ज्येष्ठ वदि ४ शुक्रवार	रत्नदेवसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	महावीर जिनालय, डीसा	वही, भाग २, लेखांक २०९९
११अ.	१३६४	पौष सुदि १२ शुक्रवार	,,	पार्श्वनाथ की धातु प्रतिमा का लेख	पुरतत्त्व संग्रहालय सिरोही	सोगनलाल पटनी, **अर्बुद परिमंडल की जैनधातु प्रतिमायें एवं मंदिरवालि**,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
						लेखांक ३९, पृष्ठ ४६.
११.	१३५२	वैशाख वदि ५ सोमवार	पद्मदेवसूरि के शिष्य श्रीतिलकसूरि	शीतलनाथ की प्रतिमा का लेख	मनमोहनपार्श्वनाथ जिनलाय, मीयागाम	बुद्धिसागरसूरि - सम्पादक, **जैनधातु प्रतिमालेखसंग्रह**, भाग २ लेखांक२७९
१२.	१३७१	माघ सुदि १४ सोमवार	श्रीतिलकसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	सुमतिनाथ मुख्य-बावन जिनालय, मातर	वही, भाग - २ लेखांक ५१९
१३.	१३७५	...सुदि ९	,,	शीतलनाथ की प्रतिमा का लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, खारवाडो, खंभात	वही, भाग-२, लेखांक १०२८
१४.	१३७८	मिति विहीन	,,	मुनिसुव्रत की प्रतिमा का लेख	देवकुलिका विमलवसही, आबू	मुनि जिनविजय, पूर्वोक्त, भाग -२, लेखांक १४४

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
१५.	१३७८	मिति विहीन	,,	महावीरस्वामी की प्रतिमा का लेख	,,	वही, लेखांक १४५
१६.	१३७८	मिति वीहीन	,,	–	प्रेमचन्द्रमोदी की टोंक, शत्रुञ्जय	पूरनचन्द नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ६८४
१६अ.	१३६९	आषाढ वदि ५ शुक्रवार	,,	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	पुरातत्त्व संग्राहलय सिरोही	पटनी, पूर्वोक्त, लेखांक ५६, पृष्ठ ४८.
१७.	१३८०	वैशाख वदि ५ गुरुवार	,,	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, राधनपुर	मुनिविशालविजय, संपा० **राधनपुर-प्रतिमालेखसंग्रह**, लेखांक ४९
१८.	१३८०	माघ	,,	चन्द्रप्रभ की	महावीर जिनालय,	अगरचन्द नाहटा,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
		सुदि ६ सोमवार		प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	बीकानेर	संपा० **बीकानेर-जैनलेखसंग्रह,** लेखांक १२१४
१९.	१३८६	माघ वदि २	श्रीतिलकसूरि के शिष्य राजशेखरसूरि	पार्श्वनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	वही, लेखांक ३१३
२०.	१३९३	पौष वदि ५	राजशेखरसूरि	,,	जैन मन्दिर, वढवाण	विजयधर्मसूरि, संपा. **प्राचीनलेख संग्रह**, लेखांक ६२
२१.	१३९३	फाल्गुन वदि ३	,,	,,	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ३५८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
२२.	१४०८	वैशाख सुदि ५ गुरुवार	उदयदेवसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ देरासर शांतिनाथ पोल, अहमदाबाद	बुद्धिसागरसूरि- पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १२५६
२३.	१४०९	फाल्गुन वदि २	राजशेखरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय (नाहटों में) बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १४४२
२४.	१४१५	ज्येष्ठ वदि १३	,,	तीर्थङ्कर प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	वही, लेखांक ४३५
२५.	१४२७	ज्येष्ठ वदि १	मुनिशेखरसूरि	शांतिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	गौड़ीजी भण्डार, उदयपुर	विजयधर्मसूरि, पूर्वोक्त, लेखांक ७८
२६.	१४४०	वैशाख	राजशेखरसूरि	,,	शांतिनाथ जिनालय	मुनिकान्तिसागर,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
		सुदि ३			कोट, मुम्बई	संपा० **जैनधातु-प्रतिमालेख**, लेखांक ५०
२७.	१४५४	पौष सुदि १२ सोमवार	मुनिसागरसूरि	वासुपूज्य की प्रतिमा का लेख	बालावसही, शत्रुञ्जय	मुनि कान्तिसागर, संपा० **शत्रुञ्जय-वैभव**, लेखांक ४९
२८.	१४५८	वैशाख वदि २ बुधवार	मतिसागरसूरि	आदिनाथ की पञ्चतीर्थी प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, बूंदी	विनयसागर, संपा० **प्रतिष्ठालेखसंग्रह**, भाग १, लेखांक १८१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
२९.	१४५८	ज्येष्ठ सुदि १० शुक्रवार	,,	नमिनाथ की प्रतिमा का लेख	वीर जिनालय, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १२७८
३०.	१४७९	माघ वदि ४ शुक्रवार	विद्यासागरसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	,,	वही, लेखांक १३००
३१.	१४७६	चैत्र वदि १ शनिवार	,,	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय डीसा	पूरनचन्द नाहर, पूर्वोक्त, लेखांक २१००
३२.	१४७७	ज्येष्ठ वदि १	मुनिशेखरसूरि	चन्द्रप्रभ की प्रतिमा का लेख	गौड़ीपार्श्वनाथ जिनालय, रङ्गपुर, उत्तरी बंगाल	वही, भाग २, लेखांक ११२५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
३३.	१४७९	माघ सुदि ४ शनिवार	मतिसागरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	भण्डारस्थ प्रतिमा, शांतिनाथ जिनालय, नाकोड़ा	मुनि कान्तिसागर, **जैनधातुप्रतिमा-लेख**, लेखांक १६
३३अ.	१४७४	माघ वदि ४	विद्यासागरसूरि	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख	–	नाहटा, पूर्वोक्त लेखांक १३००
३४.	१४८३	वैशाख सुदि ५ गुरुवार	"	आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, किशनगढ़	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक २३९
३५.	१४८३	भाद्रपद वदि ७ गुरुवार	मतिसागरसूरि के पट्टधर विद्यासागरसूरि	देवकुलिका का लेख	जैन मन्दिर, थराद	दौलतसिंह लोढा, संपा० **श्रीप्रतिमा-लेखसंग्रह**, लेखांक २९२ ब

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
३६.	१४८४	वैशाख सुदि ३ शनिवार	विद्यासागरसूरि	कुन्थुनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	माणिकसागरजी का मन्दिर, कोटा	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक २४८
३७.	१४८५	आषाढ़ सुदि १० रविवार	,,	पार्श्वनाथ की प्रतिमा का लेख	पठानी टोला स्थित जैन मंदिर, वाराणसी	नाहर, पूर्वोक्त भाग १ लेखांक ४०६
३८.	१४८७	मार्गशीर्ष सुदि ५	विद्यासागरसूरि	अरनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	मुनिसुव्रत जिनालय, मालपुरा	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक २६७
३९.	१४८८	मार्गशीर्ष सुदि १२ गुरुवार	,,	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ७३८
४०.	१४९७	ज्येष्ठ	गुणसुन्दरसूरि	आदिनाथ की	चन्द्रप्रभ जिनालय,	नाहर, पूर्वोक्त,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
		सुदि २		प्रतिमा का लेख	जैसलमेर	भाग ३, लेखांक २३१२
४१.	१४९८	,,	,,	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ८००
४२.	१४९८	फाल्गुन सुदि १०	,,	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	वही	वही, लेखांक ८०६
४३.	१४९९	माघ वदि ५	विद्यासागरसूरि के पट्टधर रविवार	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख गुणसुन्दरसूरि	बालावसही, शत्रुंजय	**शत्रुञ्जयवैभव**, लेखांक ८३
४४.	१४९९	माघ सुदि ६	गुणसुन्दरसूरि	श्रेयांसनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	बड़ा मंदिर, नागौर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ३३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
४५.	१४९९	फाल्गुन वदि ४ शनिवार	,,	धर्मनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा	खरतरगच्छीय आदिनाथ जिनालय, का लेख	वही, भाग १, लेखांक ३३४ कोटा
४६.	१५०२	वैशाख सुदि २ सोमवार	गुणकीर्तिसूरि लक्ष्मीसागरसूरि	आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा	जैनमंदिर, मेड़ता सिटी का लेख	वही, भाग १, लेखांक ३५७
४७.	१५०४	फाल्गुन वदि ११	विद्यासागरसूरि के पट्टधर गुणसुन्दरसूरि	कुन्थुनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा	माणिकसागरजी का मंदिर, कोटा का लेख	वही, भाग १, लेखांक ३८४ (राज०)
४८.	१५०४	फाल्गुन सुदि ११	,,	कुन्थुनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा	चिन्तामणि जी का मंदिर, बीकानेर का लेख	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक ८८७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
४९.	१५०५	माघ सुदि १० रविवार	,,	सुविधिनाथ की चौबीसी प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ देरासर, शांतिनाथ पोल, अमहदाबाद	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त भाग -१ लेखांक १३१३
५०.	१५०६	माघ सुदि ८	,,	,,	अजितनाथ जिनालय, शेख पाडो, अहमदाबाद	वही, भाग १, लेखांक १००९
५१.	१५०८	चैत्र सुदि ९ बुधवार	,,	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, माणेक चौक, खंभात	वही, भाग -२, लेखांक ९९९
५२.	१५०८	वैशाख सुदि ५ सोमवार	,,	अजितनाथ की प्रतिमा का लेख	सुमतिनाथ मुख्य बावन, जिनालय, मातर	वही, भाग २, लेखांक ४७२

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
५३.	१५०८	ज्येष्ठ सुदि १३ बुधवार	,,	सुमतिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	धर्मनाथ जिनालय, मडार	मुनि जयन्तविजय, **आबू**, भाग ५, लेखांक ८२
५४.	१५०८	आषाढ़ सुदि २ सोमवार	,,	वासपूज्य की प्रतिमा का लेख	दादा पार्श्वनाथ जिनालय, बड़ोदरा	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग -२, लेखांक १२६
५५.	१५०८	मार्गशीर्ष वदि २	,,	संभवनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	नेमिनाथ जिनालय, राधनपुर	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक १५५
५६.	१५०९	वैशाख सुदि ११ शुक्रवार	,,	शीतलनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	जैन मंदिर, चालीस गांव, महाराष्ट्र	मुनि कान्तिसागर, **जैनधातुप्रतिमा-लेख**, लेखांक १२०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
५७.	१५०९	माघ सुदि १०	,,	पद्मप्रभ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	खरतरगच्छीय आदिनाथ जिनालय, कोटा	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ४४६
५८.	१५०९	माघ सुदि १०	विद्यासागरसूरि के पट्टधर गुणसुन्दरसूरि	शांतिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	पंचायती जैनमंदिर, जयपुर	वही, भाग १, लेखांक ४४७
५९.	१५१०	पौष वदि १०	,,	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, देलवाड़ा, मेवाड़	नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १९९०
६०.	१५११	आषाढ़ वदि ९ गुरुवार	,,	आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, करमदी	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ४७३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
६१.	१५११	माघ सुदि ५ गुरुवार	,,	आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	चिन्तामणि पार्श्वनाथ जिनालय, जीरारपाडो, खंभात	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग -२, लेखांक ७२०
६२.	१५१२	मार्गसिर वदि १२	,,	कुन्थुनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, वींबडोद	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ४८५
६३.	१५१२	फाल्गुन सुदि १२ बुधवार	,,	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख	जैन मंदिर, अलवर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ९९९
६४.	१५१२	फाल्गुन वदि... शनिवार	,,	कुन्थुनाथ की चौबीसी प्रतिमा का लेख	सुमतिनाथ जिनालय, घोघा (काठियावाड़)	वही, भाग २, लेखांक १७७५

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
६५.	१५१३	चैत्र सुदि ६ गुरुवार	,,	पार्श्वनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	विमलनाथ जिनालय सवाई माधोपुर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ५००
६६.	१५१३	वैशाख सुदि २	,,	आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, भिनाय	वही, भाग १, लेखांक ५०४
६७.	१५१३	आश्विन २	,,	शांतिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, सांगानेर	वही, भाग १, लेखांक ५१६
६८.	१५१५	माघ सुदि १ शुक्रवार	,,	वासुपूज्य की धातु की प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, राधनपुर	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक १८९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
६९.	१५१५	फाल्गुन सुदि ४ शुक्रवार	श्रीसूरि	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख	सुपार्श्वनाथ का पंचायती मंदिर, जयपुर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ११५४
७०.	१५१५	,,	,,	धर्मनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	चन्द्रप्रभ जिनालय, आमेर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ५४८
७१.	१५१६	वैशाख सुदि १३ रविवार	,,	चन्द्रप्रभ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	महावीर जिनालय, सांगानेर	वही, भाग १, लेखांक ५५६
७२.	१५१७	वैशाख सुदि ३ सोमवार	,,	शीतलनाथ की प्रतिमा का लेख	बालावसही, शत्रुञ्जय	**शत्रुञ्जयवैभव**, लेखांक १५९अ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
७३.	१५१७	फाल्गुन सुदि ३ शुक्रवार	विद्यासागरसूरि के पट्टधर गुणसुन्दरसूरि	सुविधिनाथ की चौबीसी प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, शांतिनाथ पोल, अहमदाबाद	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १३१४
७४.	१५१५	ज्येष्ठ सुदि ५ सोमवार	हेमप्रभसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	अजितनाथ जिनालय, शेख पाडो, अहमदाबाद	वही, भाग -१ लेखांक १००१
७५.	१५१८	मार्गसिर वदि ५ शनिवार	गुणसुन्दरसूरि	श्रेयांसनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	लीलाधरजी का उपाश्रय, जयपुर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ५८०
७६.	१५१८	फाल्गुन वदि १ सोमवार	"	नमिनाथ की धातु की चौबीसी प्रतिमा का लेख	नवखण्डा पार्श्वनाथ जिनालय, भोंयरापाडो, खंभात	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक ८६३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
७७.	१५२०	चैत्र वदि ८ शुक्रवार	,,	सुमतिनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	अजितनाथ जिनालय, राधनपुर	मुनि विशालविजय, पूर्वोक्त, लेखांक २२७ एवं विजयधर्मसूरि, पूर्वोक्त, लेखांक ३४७
७८.	१५२१	माघ वदि ९ सोमवार	,,	धर्मनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	वीर जिनालय, खारवाड़ो, खंभात	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १०३०
७९.	१५२१	माघ सुदि १३ गुरुवार	,,	अभिनन्दनस्वामी की धातु की प्रतिमा का लेख	अजितनाथ जिनालय, शेख पाडो, अहमदाबाद	वही, भाग -१, लेखांक १०१३

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
८०.	१५२२	कार्तिक वदि ५ गुरुवार	,,	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	वीर जिनालय, डीसा	नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक २१०४
८१.	१५२२	पौष वदि १२ गुरुवार	,,	चन्द्रप्रभ की धातु की प्रतिमा का लेख	लोढण पार्श्वनाथ-देरासर, डभोई	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ३९
८२.	१५२२	फाल्गुन सुदि ३ सोमवार	,,	चन्द्रप्रभस्वामी की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	पंचायती मंदिर, जयपुर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ६२३
८३.	१५२३	मार्गशीर्ष वदि २ शुक्रवार	,,	कुन्थुनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	पुंगलियों का मंदिर, जयपुर	वही, भाग १, लेखांक ६३०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
८३अ.	१५२५	मार्गशीर्ष २ शुक्रवार	,,	मुनिसव्रत की धातु की प्रतिमा का लेख	वीर जिनालय, वृजनगर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १३०
८४.	१५२७	पौष सुदि ६ शुक्रवार	,,	सुविधिनात की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	बड़ा मंदिर, नागौर	वही, लेखांक ६९५ एवं नाहर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १२७८
८५.	१५२८	वैशाख वदि ६	,,	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, बीकानेर	अगरचन्द नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १९८३
८६.	१५२८	माघ	,,	सुमतिनाथ की	जैनमंदिर, भिनाय	विनयसागर,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
		सुदि ३ गुरुवार		पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख		पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ७१०
८७.	१५२९	वैशाख वदि ६	,,	पद्मप्रभ की प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, राजलदेसर	अगरचन्द नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक २३५१
८८.		तिथि विहीन	,,	–	बालावसही, शत्रुञ्जय	**शत्रुञ्जयवैभव**, लेखांक ८४
८९.		तिथि विहीन	,,	–	वही	वही, लेखांक १५९ ब
९०	१५२९	फाल्गुन सुदि ७ बुधवार	गुणनिधानसूरि	सुविधिनाथ की प्रतिमा का लेख	कुन्थुनाथ जिनालय, छाणी	बुद्धिसागर, पूर्वोक्त, भाग -२, लेखांक २६६

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
९१.	१५३२	वैशाख सुदि १० शुक्रवार	पुण्यनिधानसूरि	सुविधिनाथ की प्रतिमा का लेख	आदिनाथ जिनालय, नागौर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग -२ लेखांक १२८५ एवं विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ७४८
९२.	१५३३	चैत्र सुदि ४ शुक्रवार	गुणसुन्दरसूरि के पट्टधर गुणनिधानसूरि	अभिनन्दस्वामी की पञ्चतीर्थी प्रतिमा का लेख	बड़ा मंदिर, नागौर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ७५३
९३.	१५३३	मिति विहीन	,,	आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, दाहोद	वही, लेखांक ७६७

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
९४.	१५३४	आषाढ़ सुदि १ गुरुवार	,,	अजितनाथ की प्रतिमा का लेख	चिन्तामणिजी का मंदिर, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १०८३
९५.	१५३४	आषाढ़ सुदि १ गुरुवार	"	शीतलनाथ की प्रतिमा का लेख	वही	वही, लेखांक १०८४
९६.	१५३४	आषाढ़ सुदि ७ मंगलवार	गुणनिर्मलसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	सवाईराम बाफणा का मंदिर, जैसलमेर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग-३, लेखांक २५२७
९७.	१५३४	मार्गशीर्ष वदि ५ सोमवार	गुणनिधानसूरि	कुन्थुनाथ की प्रतिमा का लेख	शंखेश्वर पार्श्वनाथ जिनालय, आसानियों का	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १९०८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
					चौक, बीकानेर	
९८.	१५३६	वैशाख वदि ११ शुक्रवार	गुणनिधानसूरि	चन्द्रप्रभस्वामी की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, लिबंडीपाड़ा, पाटण	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक २९५
९९.	१५४३	ज्येष्ठ वदि ९ गुरुवार	गुणनिधानसूरि के पट्टधर गुणसागरसूरि	संभवनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	विमलनाथ जिनालय, सवाई माधोपुर, राजस्थान	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ८३६
१००.	१५४६	आषाढ़ वदि २ शनिवार	श्री...सूरि	चन्द्रप्रभस्वामी की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ देरासर, शांतिनाथ पोल, अहमदाबाद	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १२९४
१०१.	१५४६	आषाढ़ वदि १२ रविवार	गुणसागरसूरि	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख	अन्तरिक्ष पार्श्वनाथ जिनालय, सिरपुर, अकोला (महाराष्ट्र)	कान्तिसागर, पूर्वोक्त, लेखांक २४९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
						एवं विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक १६२
१०२	१५४९	वैशाख सुदि ५ रविवार	लक्ष्मीसागरसूरि	शांतिनाथ की प्रतिमा का लेख	शांतिनाथ जिनालय, लिंबडीपाडा, पाटण	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग -१ लेखांक २७९
१०३.	१५४९	ज्येष्ठ सुदि १३	गुणकीर्तिसूरि	कुन्थुनाथ की प्रतिमा का लेख	रामचन्द्रजी का मंदिर, पठानीटोला, वाराणसी	नाहर, पूर्वोक्त, भाग १ लेखांक ४१३
१०४.	१५५१	माघ वदि २ सोमवार		आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	वीर जिनालय, बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १२७१

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
१०५.	१५५३	आषाढ़ सुदि २ रविवार	श्रीसूरि	पार्श्वनाथ की प्रतिमा का लेख	जैनमंदिर, चेलापुरी, दिल्ली	नाहर, पूर्वोक्त, लेखांक ४१४
१०६.	१५५३			अजितनाथ की प्रतिमा का लेख	कुन्थुनाथ देरासर, बीजापुर	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ४४१
१०७.	१५५४	पौष सुदि १२ सोमवार	मतिसागरसूरि	आदिनाथ की प्रतिमा का लेख	अनुपूर्ति लेख, बीजापुर	मुनि जयन्तविजय, **आबू**, भाग २, लेखांक ६५९
१०८.	१५५७	वैशाख सुदि ५ गुरुवार	गुण...सूरि	धर्मनाथ की प्रतिमा का लेख	सुपार्श्वनाथ का पंचायती मंदिर, जयपुर	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ११६८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
१०९.	१५५७	वैशाख सुदि ६ शुक्रवार	पुण्यवर्धनसूरि		शांतिनाथ जिनालय, लिंबडीपाड़ा, पाटण	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग २, लेखांक २९१
११०.	१५५८	फाल्गुन सुदि १२ शुक्रवार	लक्ष्मीसागरसूरि	सुमतिनाथ की प्रतिमा का लेख	जैन मंदिर, मोतिसुखिया की धर्मशाला, पालिताना	**शत्रुञ्जयवैभव**, लेखांक २५७ एवं नाहर, पूर्वोक्त, भाग-१, लेखांक ६४८
१११.	१५६८	फाल्गुन सुदि ४ गुरुवार		मुनिसुव्रत की प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, (कोचरों में) बीकानेर	नाहटा, पूर्वोक्त, लेखांक १६०६
११२.	१५६९	मिति विहीन		पार्श्वनाथ की प्रतिमा का लेख	गौड़ीपार्श्वनाथ जिनालय रङ्गपुर,	नाहर, पूर्वोक्त, भाग -२,

क्रमाङ्क	संवत्	तिथि / मिति	प्रतिष्ठापक आचार्य या मुनि का नाम	प्रतिमालेख/ स्तम्भलेख	प्रतिष्ठास्थान	संदर्भग्रन्थ
					उत्तरी बंगाल	लेखांक ११३१
११३.	१५७२	वैशाख सुदि २ सोमवार		आदिनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	धर्मनाथ जिनालय, मेड़ता सिटी	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ९५०
११४.	१५७३	वैशाख सुदि ३ गुरुवार		शीतलनाथ की धातु की प्रतिमा का लेख	जैनमंदिर, ईडर	बुद्धिसागरसूरि, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक १४४२
११५.	१५८४	फाल्गुन सुदि १० गुरुवार	गुणसुन्दरसूरि	धर्मनाथ की पंचतीर्थी प्रतिमा का लेख	पार्श्वनाथ जिनालय, सांथा	विनयसागर, पूर्वोक्त, भाग १, लेखांक ९७६
११६.	१६९९	मिति विहीन	महिमासागरसूरि के पट्टधर कल्याणसागरसूरि	मूलनायक आदिनाथ की प्रतिमा पर उत्कीर्ण लेख	आदिनाथ जिनालय उदयपुर	नाहर, पूर्वोक्त, भाग-२, लेखांक १८९९

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पद्मदेवसूरि के शिष्य राजशेखरसूरि द्वारा प्रतिष्ठापित ५ सलेख जिनप्रतिमायें मिलती हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

वि० सं० १३८६ माघ वदि २	**बी० जै० ले० सं०**, लेखांक ३१३
वि० सं० १३९३ पौष वदि २	**प्रा० ले० सं०**, लेखांक ६२
वि० सं० १३९३ फाल्गुन सुदि २	**बी० जै० ले० सं०**, लेखांक ३५८
वि० सं० १४०९ फाल्गुन वदि २	वही, लेखांक १४४२
वि० सं० १४१५ ज्येष्ठ वदि १३	वही, लेखांक ४४५

मलधारिगच्छीय प्रतिमा लेखों की सूची में वि० सं० १२५९ के प्रतिमालेख में प्रतिमा प्रतिष्ठापक मलधारी देवानन्दसूरि का नाम आ चुका है। जैसा कि प्रारम्भ में कहा जा चुका है मलधारी देवप्रभसूरि कृत **पाण्डवचरित** की प्रशस्ति[११] में भी ग्रन्थकार के ज्येष्ठ गुरुभ्राता और ग्रन्थ की रचना के प्रेरक के रूप में देवानन्दसूरि का नाम मिलता है। **पाण्डवचरित** का रचनाकाल वि० सं० १२७०/ई० सन् १२१४ माना जाता है।[१२] अत: समसामयिकता के आधार पर उक्त प्रशस्ति में उल्लिखित देवानन्दसूरि और वि० सं० १२५९ /ई० सन् १२०३ में पार्श्वनाथ की प्रतिमा के प्रतिष्ठापक देवानन्दसूरि एक ही व्यक्ति माने जा सकते हैं।

महामात्य वस्तुपाल द्वारा निर्मित गिरनार स्थित आदिनाथ जिनालय के वि० सं० १२८८/ई० सन् १२३२ दो अभिलेखों के रचनाकार नरचन्द्रसूरि और यहीं स्थित इसी तिथि के एक अन्य अभिलेख के रचनाकार नरेन्द्रप्रभसूरि महामात्य वस्तुपाल के मातृपक्ष के गुरु नरचन्द्रसूरि[१३] और उनके शिष्य नरेन्द्रप्रभसूरि से अभिन्न हैं। यही बात वि० सं० १२९८/ई० सन् १२४२ के लेख में उल्लिखित माणिक्यचन्द्रसूरि के गुरु नरचन्द्रसूरि के बारे में भी कही जा सकती है।

इसी प्रकार वि० सं० १३५२/ईस्वी सन् १२९६ से वि० सं० १३८० / ईस्वी सन् १३३४ तक के प्रतिमालेखों में उल्लिखित पद्मतिलकसूरि के शिष्य श्रीतिलकसूरि एवं वि० सं० १३८६/ई० सन् १३३० से वि० सं० १४१५/

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ई० सन् १३५९ तक के प्रतिमालेखों में उल्लिखित उनके शिष्य राजशेखरसूरि समसामयिकता के आधार पर प्रतिमालेखों में प्रसिद्ध आचार्य राजशेखरसूरि और उनके गुरु श्रीतिलकसूरि से अभिन्न माने जा सकते हैं।

उक्त अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर मलधारिगच्छीय मुनिजनों की गुरु परम्परा की पूर्वोक्त तालिका को जो वृद्धिगत स्वरूप प्राप्त होता है, वह इस प्रकार है (द्रष्टव्य - तालिका क्रमांक २) :

तालिका क्रमांक - २

- जयसिंहसूरि
  - अभयदेवसूरि
    - हेमचन्द्रसूरि
      - विजयसिंहसूरि (वि० सं० ११९१/ई० सन् ११३५ में **धर्मोपदेशमाला-वृत्ति** के रचनाकार)
      - श्रीचन्द्रसूरि (वि० सं० ११९३/ई० सन् ११३७ में **मुनिसुव्रत-स्वामिचरित** के रचनाकार)
        - मुनिचन्द्रसूरि
          - |
        - देवभद्रसूरि (**संग्रहणीवृत्ति** के रचनाकार)
      - विबुधचन्द्रसूरि (**मुनिसुव्रत-स्वामिचरित** के लेखन में सहायक)
      - लक्ष्मणगणि (वि० सं० ११९९/ई० सन् ११४३ में **सुपासनाह-चरिय** के रचनाकार)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवानन्दसूरि
(**पाण्डवचरित-
महाकाव्य**
की रचना
के प्रेरक
वि० सं०
१२५९ में
पार्श्वनाथ की
प्रतिमा के
प्रतिष्ठापक)

यशोभद्रसूरि
(**पाण्डवचरित-
महाकाव्य**
की रचना
में सहायक

देवप्रभसूरि
(**पाण्डवचरित-
महाकाव्य**
के रचनाकार)

नरचन्द्रसूरि
(**कथारत्नाकर** के रचनाकार)
वि० सं० १२८८ में
में महामात्य वस्तुपाल
की गिरनार प्रशस्ति
के रचयिता)

नरेन्द्रप्रभसूरि
(वि० सं० १२८२/
ई० स० १२२६ में
अलंकार
महोदधि के
रचनाकार

माणिक्यचन्द्रसूरि
(वि० सं० १२९८/
ई० स० १२४२ के
शत्रुञ्जय के
प्रशस्तिलेख में
उल्लिखित

पद्मदेवसूरि
|
श्री तिलकसूरि
रचनाकार
(वि० सं० १३५२-८०
प्रतिमालेख)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

राजशेखरसूरि
(वि० सं० १३८६ -
१४१४ प्रतिमालेख,
अनेक ग्रन्थों के रचनाकार)
|
सुधाकलश
(वि० सं० १४०६ /
ई० सन् १३५० में
**संगीतोपनिषत्-
सारोद्धार** के रचयिता)

जैसा कि प्रारम्भ में कहा गया है कि इस गच्छ की **सद्गुरुपद्धति**[१४] नामक एक गुर्वावली भी मिलती है। प्राकृत भाषा में २६ गाथाओं में रची गयी यह कृति वि० सं० की १४वीं शती की रचना मानी जा सकती है। इसमें अभयदेवसूरि से लेकर पद्मदेवसूरि तक के मुनिजनों की गुरु-परम्परा इस प्रकार दी गयी है :

अभयदेवसूरि
|
हेमचन्द्रसूरि
|
विजयसिंहसूरि — श्रीचन्द्रसूरि — विबुधचन्द्रसूरि

विजयसिंहसूरि
|
मुनिचन्द्र सूरि — हरिभद्र सूरि — मानदेव सूरि — सिद्ध सूरि — महेन्द्र सूरि — देवभद्र सूरि
|
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देवानन्दसूरि नेमिचन्द्रसूरि यशोभद्रसूरि देवप्रभसूरि

नरचन्द्रसूरि

माणिक्यचन्द्र नरेन्द्रप्रभ रत्नप्रभ प्रभानन्द पद्मदेव

ग्रन्थप्रशस्तियों से जहाँ श्रीचन्द्रसूरि के केवल दो शिष्यों मुनिचन्द्रसूरि और देवप्रभसूरि के बारे में ही जानकारी प्राप्त हो पाती है, वहीं इस **गुर्वावली** से ज्ञात होता है कि उनके अतिरिक्त श्रीचन्द्रसूरि के हरिभद्रसूरि, सिद्धसूरि, मानदेवसूरि आदि शिष्य भी थे। यही बात मुनिचन्द्रसूरि के शिष्य नेमिचन्द्रसूरि के बारे में भी कही जा सकती है। इसी प्रकार इस **गुर्वावली** में उल्लिखित नरचन्द्रसूरि के सभी शिष्यों के नाम साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों से ज्ञात हो जाते हैं। वस्तुतः इस गच्छ के इतिहास के अध्ययन की दृष्टि से यह गुर्वावली अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

जैसा कि पीछे हम देख चुके है इस गच्छ से सम्बद्ध १५वीं-१६वीं शती की जिनप्रतिमाओं की संख्या पूर्व की शताब्दियों की अपेक्षा अधिक है। इन पर उत्कीर्ण लेखों से इस गच्छ के विभिन्न मुनिजनों के नाम ज्ञात होते है, तथापि उनमें से कुछ के पूर्वापर सम्बन्ध ही निश्चित हो पाते हैं। इनका विवरण इस प्रकार है :

१. मतिसागरसूरि (वि० सं० १४५८-१४७९) — ३ प्रतिमालेख
२. मतिसागरसूरि के पट्टधर विद्यासागरसूरि (वि० सं० १४७६-१४८८) — ७ प्रतिमालेख
३. विद्यासागरसूरि के पट्टधर गुणसुन्दरसूरि (वि० सं० १४९७-१५२९) — ४३ प्रतिमालेख

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४.	गुणसुन्दरसूरि के पट्टधर गुणनिधानसूरि (वि० सं० १५२९-१५३६)	८ प्रतिमालेख
५.	गुणनिधानसूरि के पट्टधर गुणसागरसूरि (वि० सं० १४४३-१५४६)	२ प्रतिमालेख
६.	गुणसागरसूरि के शिष्य (?) लक्ष्मीसागरसूरि (वि० सं० १५४९-१५७२)	६ प्रतिमालेख

मलधारी गुणसुन्दरसूरि के शिष्य सर्वसुन्दरसूरि ने वि० सं० १५१० / ईस्वी सन् १४५४ में **हंसराजवत्सराजचौपाई**[१५] की रचना की। यह इस गच्छ से सम्बद्ध विक्रम सम्वत् की १६वीं शती का एकमात्र साहित्यिक साक्ष्य माना जा सकता है।

जैसा कि अभिलेखीय साक्ष्यों के अन्तर्गत हम देख चुके हैं वि० सं० १४९७ से वि० सं० १५२९ तक के ४३ प्रतिमालेखों में प्रतिमाप्रतिष्ठापक के रूप में गुणसुन्दरसूरि का नाम मिलता है। **हंसराजवत्सराजचौपाई** के रचनाकार सर्वसुन्दरसूरि ने भी अपने गुरु का यही नाम दिया है, अतः समसामयिकता के आधार पर दोनों साक्ष्यों में उल्लिखित गुणसुन्दरसूरि एक ही व्यक्ति माने जा सकते हैं।

वि० सं० की १५वीं शती के उत्तरार्ध और १६वीं शती तक के इस गच्छ से सम्बन्ध साहित्यिक और अभिलेखीय साक्ष्यों के आधार पर गुरु - शिष्य परम्परा की जो तालिका निर्मित होती है, वह इस प्रकार है :

?
|
|
|
|
|

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मतिसागरसूरि (वि० सं० १४५८ - १४७९)
प्रतिमालेख
|
विद्यासागरसूरि (वि० सं० १४७६ - १४८८)
प्रतिमालेख
|
गुणसुन्दरसूरि (वि० सं० १४९७ - १५२९)
प्रतिमालेख
|

सर्वसुन्दरसूरि
(वि० सं० १५१० में
हंसराजवत्सराजचौपाई
अपरनाम **कथासंग्रह**
के रचनाकार)

गुणनिधानसूरि
(वि० सं० १५२९ - १५३६)
प्रतिमालेख
|
गुणसागरसूरि
(वि० सं० १५४३-१५४६)
प्रतिमालेख
|
लक्ष्मीसागरसूरि
(वि० सं० १५४९-१५७२)
प्रतिमालेख

वि० सं० की १६वीं शती के अन्तिम चरण से मलधारगच्छ से सम्बद्ध साक्ष्यों की विरलता इस गच्छ के अनुयायियों की घटती हुई संख्या का परिचायक है। वि० सं० की १७वीं शती के इस गच्छ से सम्बद्ध मात्र दो साक्ष्य मिलते हैं। इनमें प्रथम है **सिन्दूरप्रकरवृत्ति**[१६], जो हर्षपुरीयगच्छ के

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणनिधानसूरि के शिष्य गुणकीर्त्तिसूरि द्वारा वि० सं० १६६७/ईस्वी सन् १६११ में रची गयी है। इसी प्रकार वि० सं० १६९९ के **प्रतिमालेख**[१७] में इस गच्छ के महिमासागरसूरि के शिष्य कल्याणराजसूरि का प्रतिमा प्रतिष्ठापक के रूप में उल्लेख मिलता है। यह इस गच्छ का उल्लेख करनेवाला अन्तिम उपलब्ध साक्ष्य है। यद्यपि इनसे विक्रम सम्वत् की १७वीं शती के अन्त तक हर्षपुरीयगच्छ का स्वतंत्र अस्तित्व सिद्ध होता है, तथापि वह अपने पूर्व गौरवमय स्थिति से च्युत हो चुका था और वि० सं० की १८वीं शती से इस गच्छ के अनुयायी ज्ञातियों को हम तपागच्छ से सम्बद्ध पाते हैं।[१८]

इस गच्छ के प्रमुख आचार्यों का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है :

अभयदेवसूरि : श्वेताम्बर परम्परा में अभयदेवसूरि नामक कई आचार्य हो चुके हैं। विवेच्य अभयेदवसूरि प्रश्नवाहनकुल व माध्यमिकाशाखा से सम्बद्ध हर्षपुरीयगच्छ के आचार्य जयसिंहसूरि के शिष्य थे। प्रस्तुत लेख के प्रारम्भ में इस गच्छ के मुनिजनों द्वारा रचित जिन ग्रन्थों की प्रशस्तियों का विवरण दिया जा चुका है, उन सभी में इनके मुनि जीवन के बारे में महत्त्वपूर्ण विवरण संकलित है।[१९] चौलुक्य नरेश कर्ण (वि० सं० ११२०-११५०)ने इनकी निस्पृहता और त्याग से प्रभावित होकर इन्हें **'मलधारी'** विरुद् प्रदान की। कर्ण का उत्तराधिकारी जयसिंह सिद्धराज (वि० सं० ११५०-११९९) भी इनका बड़ा सम्मान करता था। इनके उपदेश से उसने अपने राज्य में पर्युषण और अन्य विशेष अवसरों पर पशुबलि निषिद्ध कर दी थी। गोपगिरि के राजा भुवनपाल (वि० सं० की १२वीं शती का छठाँ दशक) और सौराष्ट्र के राजा राखेंगार पर भी इनका प्रभाव था। अपनी आयुष्य को क्षीण जानकर इन्होंने ४५ दिन तक अनशन किया और अणहिलपुरपत्तन में स्वर्गवासी हुए। इनकी शवयात्रा प्रातःकाल प्रारम्भ हुई और तीसरे प्रहर दाहस्थल तक पहुँची। जयसिंह सिद्धराज ने अपने परिजनों के साथ राजप्रासाद की छत पर से इनकी अन्तिम यात्रा का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवलोकन किया। इनके पट्टधर हेमचन्द्रसूरि हुए।

हेमचन्द्रसूरि

